उज्जैन
शुक्रवार
25
सितम्बर, 2026 | वर्ष-12 | अंक-322
मूल्य- 2 रु.
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर में आज दोपहर से झांकी मार्ग पर वाहनों की एंट्री बंद

7 एशियन गेम्स-सीमा ने 10 हजार मीटर में ब्रॉन्ज जीता



अनुष्का शर्मा मोस्ट-फॉलोव्ड एथलीट पार्टनर्स में शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने खेल जगत की सबसे लोकप्रिय और ज्यादा फॉलो की जाने वाली एथलीट पार्टनर्स की ग्लोबल लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। मीडिया पब्लिकेशन वैंटिक्स की जारी रिपोर्ट में अनुष्का शर्मा चौथे पायदान पर हैं। वे दुनिया की टॉप-5 एथलीट पार्टनर्स में शामिल होने वाली इकलौती भारतीय और क्रिकेट जगत से एकमात्र चेहरा हैं। इस ग्लोबल लिस्ट में किम कार्दशियन, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पत्नी जॉर्जिना रोड्रिगेज जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अनुष्का सिर्फ विराट की पार्टनर होने की वजह से नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान के दम पर इस लिस्ट में शामिल हुई हैं। वैंटिक्स की इस ग्लोबल रैंकिंग में फॉर्मूला 1 रेसर लुईस हैमिल्टन की पार्टनर के तौर पर पहचानी जाने वाली किम कार्दशियन 343 मिलियन (34.3 करोड़) फॉलोअर्स के साथ पहले पायदान पर हैं। वहीं, अमेरिकन फुटबॉल स्टार ट्रैविस केल्स की पत्नी व मशहूर सिंगर टेलर स्विफ्ट 272 मिलियन (27.2 करोड़) फॉलोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। फुटबॉल लेजेंड क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पत्नी जॉर्जिना रोड्रिगेज 78.3 मिलियन फॉलोअर्स के साथ लिस्ट में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। वहीं, ब्राजीलियाई फुटबॉलर विनिशियस जूनियर की पार्टनर वर्जीनिया फोन्सेका 56.5 मिलियन फॉलोअर्स के साथ पांचवें नंबर पर हैं।

देश

- **आईआईटी**-बॉम्बे सुसाइड केस, साहिल के पेरेंट्स भूख हड़ताल पर बैठे, कहा- बेटे को प्रताड़ित किया गया, राहुल गांधी से वीडियो कॉल पर बात की
- **सुरक्षा एजेंसियों** का बड़ा अलर्ट, गृह मंत्री के पंजाब दौरे और भाजपा दफ्तरों को उड़ाने की मिली ईमेल से धमकी
- **असम में** मुस्लिम विवाह पंजीकरण की बदली, पूरी व्यवस्था काजी नहीं, अब सरकारी रजिस्ट्रार करेंगे पंजीकरण
- **बीसीसीआई** का बड़ा ऐलान, मुथूट फिनकॉर्प बना भारतीय क्रिकेट का नया टाइटल स्पॉन्सर
- **दिल्ली में** वीआईपी वोटर्स का वेरिफिकेशन पूरा, जल्द लिस्ट में नाम जुड़ेगा, आडवाणी-जयशंकर-केजरीवाल समेत कई लोगों को भेजे गए थे नोटिस
- **सीएम यादव** ने जेट के बाद 225 करोड़ में खरीदा हेलीकॉप्टर, 9 यात्री बैठ सकेंगे, पायलटों की कनाडा में ट्रेनिंग, हर 50 किमी पर बनेंगे हेलीपैड

विदेश

- **ट्रम्प** का व्हाइट हाउस में चीनी राष्ट्रपति को स्टेट डिनर, पत्नी मेलानिया ने मेन्यू तैयार किया, जंगली मशरूम का सूप, तिल लगी मछली परोसी
- **नेतन्याहू** की यूएन स्पीच का 75 देशों ने बायकॉट किया, हूटिंग हुई तो 3 मिनट शांत रहे, फिर बोले- कोई और कायर है तो बाहर जाए
- **यूएन में** नेपाल पीएम ने भारत-चीन को थैंक्यू कहा, बोले- हिमालय बचाने के लिए साथ आएं, भोटेकोशी की बाढ़ पूरी दुनिया को चेतावनी
- **ईरान बोला**-फिर हमला हुआ तो युद्ध हिंद महासागर तक फैलेगा, इससे भारत-चीन पर असर, समुद्र में तनाव बढ़ा तो तेल लाने वाले जहाज भी फंसेंगे

व्यापार

- **सेंसेक्स** 1248 और निफ्टी 384 अंक गिरा अमेरिकी बॉन्ड पर ज्यादा ब्याज मिलने से विदेशी निवेशक पैसा निकाल रहे, महंगा कच्चा तेल भी वजह
- **सरकार ने कहा** - यूपीआई पर लगने वाला शुल्क 4 हिस्सों में बंटेगा, ये पैसा खजाने में नहीं जाएगा, फिर दोहराया कि कस्टमर चार्ज नहीं देगा

कार्टून..



करीब नौ करोड़ रुपये की जरूरत और अब तक लगभग साढ़े छह करोड़ रुपये जुटाए जाने का दावा

दिल्ली की जामा मस्जिद में बीमार हिंदू बच्ची की मदद के लिए उठे सैकड़ों हाथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के बाद का एक दृश्य सोशल मीडिया पर चर्चा में है। मस्जिद से बाहर निकल रहे लोगों के बीच एक मां अपनी बीमार बेटी के इलाज के लिए आर्थिक मदद की उम्मीद लेकर बैठी थी। कुछ युवकों ने बच्ची की बीमारी और इलाज की जरूरत के बारे में लोगों को बताया। इसके बाद कई नमाजियों और राहगीरों ने अपनी क्षमता के अनुसार आर्थिक मदद की।

इस पूरे मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में एक महिला अपनी छोटी बेटी के साथ दिखाई देती है। कुछ युवक लोगों से बच्ची के इलाज के लिए सहयोग की अपील करते नजर आते हैं।



सोशल मीडिया पोस्ट में बच्ची को हिंदू परिवार से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि, इस पहचान और वायरल वीडियो से जुड़े सभी दावों की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध नहीं है।

इसी तरह, सोशल मीडिया पर करीब नौ करोड़ रुपये की जरूरत और अब तक लगभग साढ़े छह करोड़ रुपये जुटाए जाने का दावा भी किया जा रहा है। इन आंकड़ों की स्वतंत्र पुष्टि इस रिपोर्ट में नहीं की जा सकी है। इसलिए इन्हें अभियान से जुड़े दावों के तौर पर ही देखा जाना चाहिए।

क्या है पूरा मामला

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बच्ची स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी यानी एसएमए से पीड़ित बताई गई है। परिवार की ओर से इसे एसएमए टाईप1 बताया गया है। यह एक गंभीर आनुवंशिक बीमारी है, जिसमें मांसपेशियों की ताकत प्रभावित होती है। बीमारी की गंभीरता और उसके बढ़ने की गति मरीजों में अलग अलग हो सकती है। एसएमए में एसएमएन1 जीन से जुड़ी समस्या के कारण शरीर में जरूरी एसएमएन प्रोटीन की कमी हो सकती है। इसका असर मोटर न्यूरॉन और मांसपेशियों की कार्यक्षमता पर पड़ता है। परिवार के अनुसार, बच्ची की हालत ऐसी है कि उसे रोजमर्रा के सामान्य कामों के लिए भी मदद की जरूरत पड़ती है। मां का कहना है कि उनकी बेटी दूसरे बच्चों की तरह खेल नहीं पाती। बीमारी ने उसकी जिंदगी को काफी सीमित कर दिया है। मां के लिए सबसे बड़ी चिंता इलाज का इंतजाम करना है। परिवार का दावा है कि डॉक्टरों ने महंगे उपचार की जरूरत बताई है और इसके लिए बड़ी रकम की आवश्यकता है।

इलाज की रकम को लेकर क्या दावा है

अभियान से जुड़े लोगों के अनुसार, बच्ची के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवा या जीन थेरेपी की लागत बहुत अधिक है। परिवार की ओर से करीब नौ करोड़ रुपये की जरूरत बताई जा रही है। हालांकि, इस बच्ची के इलाज के लिए निर्धारित दवा, उसकी वास्तविक कीमत और कुल चिकित्सा खर्च की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। एसएमए के इलाज में अलग अलग प्रकार की दवाओं और उपचारों का इस्तेमाल किया जाता है। इनमें जोलगेन्स्मा और स्पिनराजा जैसी दवाएं शामिल हैं।

सोनम वांगचुक ने कहा, सरकार के खिलाफ बोलने की वजह से

मेरा एनकाउंटर हो सकता है

लेह हिंसा को लेकर कहा- गृहमंत्री इस्तीफा दें, हिंसा की जिम्मेदारी लें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लेह

क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने आशंका जताई कि सरकार के खिलाफ बोलने की वजह से उन्हें किसी एनकाउंटर में मारा जा सकता है। इतना ही नहीं, उन्होंने पिछले साल लेह में हुई हिंसा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, वांगचुक ने यह बात लेह हिंसा की पहली बरसी पर हुए इवेंट में कहीं। दरअसल, पिछले साल सितंबर में लद्दाख में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन हुए थे। वांगचुक ने न्यायिक जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी मांग की। रिपोर्ट जारी नहीं होने पर स्वतंत्र पीपुल्स ट्रिब्यूनल बनाकर पुलिस फायरिंग की जांच कराने की चेतावनी दी। वांगचुक ने कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिली हैं। उन्होंने कहा कि देश को जगाने में मदद मिले तो वह किसी भी नतीजे का सामना करने को तैयार हैं। वांगचुक ने पिछले साल के



आंदोलन के दौरान हुई मौतों के लिए गृह मंत्री को राजनीतिक रूप से जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि इस घटना की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा, आज लद्दाख से मैं कहता हूं कि अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए। लद्दाख में जो हुआ, उसकी जिम्मेदारी उन्हें लेनी होगी। वांगचुक ने आरोप लगाया कि सुरक्षा बलों ने स्थानीय युवाओं पर एके-47 समेत स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल किया। बाद में इन्हीं युवाओं को राष्ट्र-विरोधी बताया गया।

राहुल गांधी के बयान का समर्थन किया

- वांगचुक ने जंतर-मंतर पर छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमित शाह के इस्तीफे की मांग का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने लद्दाख के हालात पर राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाया।
- वांगचुक ने कहा, राहुल गांधी खड़े हुए और पूछा कि छात्रों पर ऐसे हथियारों का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है। उन्होंने अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। मैं इसका समर्थन करता हूं।
- उन्होंने कहा, लेकिन अगर उन्होंने पहले अमित शाह के इस्तीफे की मांग की थी, तो लद्दाख में हुई घटना पर क्या? यहां एके-47 का इस्तेमाल हुआ और लोग मारे गए। गोलियां उनके सिर और सीने में लगीं। उन्होंने कहा कि पिछले साल के प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों की मौत ऑटोमैटिक वैपन से की गई फायरिंग में हुई।

कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा

ज्ञानेश कुमार देश के सबसे बड़े गद्दार इस्तीफा दें, नहीं तो आंदोलन करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 48 घंटे में इस्तीफा देने का अल्टीमेटम दिया है। पार्टी ने कहा कि अगर उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया तो देशभर में आंदोलन किया जाएगा और इसके बाद दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे।

सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- ज्ञानेश कुमार इस देश के सबसे बड़े गद्दार हैं। उन्होंने एसआईआर के जरिए देश में 13 करोड़ से ज्यादा वोट डिलीट किए। लोगों से वोट देने का अधिकार छीना जा रहा है। दीपके ने कहा- लोकतंत्र का मतलब है कि जनता अपनी सरकार चुने। लेकिन जब से ज्ञानेश कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त बने हैं, तब से सरकार यह तय कर रही है कि कौन वोट करेगा और कौन नहीं। दरअसल, बुधवार को इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने एसआईआर को लेकर पिछले 10 महीनों में आयोग के फैसलों और आदेशों पर कम से कम 14 बार आपत्ति दर्ज की, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया।



चुनाव आयुक्तों ने आपत्तियां ज्ञानेश कुमार को भेजी थीं

इंडियन एक्सप्रेस की 23 सितंबर की रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 28 अक्टूबर 2025 से 14 अगस्त 2026 के बीच 14 बार आयोग के फैसलों पर लिखित आपत्ति दर्ज की। इनमें वोटर लिस्ट, फार्म-6, नए वोटरों और वोटर डेटाबेस से जुड़े मुद्दे शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक, इन आपत्तियों की प्रतियां उएउ ज्ञानेश कुमार को भी भेजी गई थीं। यह विवाद जून 2025 से बिहार में शुरू हुए एसआईआर के दौरान सामने आया।

विपक्ष को खत्म करने की कोशिश का सवाल: क्या यह कदम सिर्फ मजबूत विपक्षी नेताओं को खत्म करने के लिए उठाया गया था? हमें विपक्ष या किसी खास पार्टी से कोई विशेष लगाव नहीं है। लेकिन अगर लोकतंत्र में पूरे विपक्ष को ही खत्म कर दिया जाए, तो क्या इसे लोकतंत्र कहा जा सकता है?

गड्ढों से लेकर ब्लैक स्पॉट तक, उज्जैन में सड़क सुरक्षा की होगी नए सिरे से पड़ताल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सड़क हादसों में होने वाली मौतों को शून्य करने के लक्ष्य के साथ सरकार ने जीरो फैटेलिटी मॉडल पर काम तेज कर दिया है। इस अभियान में उज्जैन को भी शामिल किया गया है। अब शहर और जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर केवल यातायात नियमों के पालन और ब्लैक स्पॉट पर चेतावनी बोर्ड लगाने तक कार्रवाई सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सड़क की इंजीनियरिंग खामियों को दूर करने, गड्ढों की मरम्मत, जंक्शनों को सुरक्षित बनाने और दुर्घटना संभावित मार्गों में आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

प्रदेश के सभी 55 जिलों के लिए रोड सेफ्टी एक्शन प्लान तैयार किया गया है। सुप्रीम कोर्ट कमेटी द्वारा चयनित जीरो फैटेलिटी जिलों में दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को शून्य करने के उद्देश्य से हाई एक्सीडेंट डेंसिटी कॉरिडोर और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक चरण में धार, सागर, सतना, रीवा, जबलपुर और खरगोन को कार्यक्रम में शामिल किया गया था। अब भोपाल, इंदौर और उज्जैन जैसे बड़े शहरों को भी इसमें जोड़ा गया है।

इन जिलों का चयन पिछले पांच वर्षों के सड़क हादसों और मृत्यु दर से जुड़े आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर किया गया है। उज्जैन में भी दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित कर वहां सड़क की स्थिति, यातायात व्यवस्था, संकेतक, प्रकाश व्यवस्था और जंक्शनों की स्थिति का परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही इंजीनियरिंग सुधार, यातायात नियमों का प्रवर्तन और दुर्घटना के बाद त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था को एक साथ मजबूत करने की योजना है।

70 हजार टीचर्स को 10 साल का एरियर, हाईकोर्ट ने सरकार को 4 सप्ताह दिए

एमपी में शिक्षकों की 15-20 हजार तक बढ़ेगी सैलरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

एमपी हाईकोर्ट ने शिक्षकों की नौकरी का समय पहली नियुक्ति की तारीख से जोड़ने के मामले में सरकार को 4 हफ्ते में आदेश का पालन करने को कहा है। इससे करीब 70 हजार शिक्षकों को सीनियरिटी, वेतन बढ़ोतरी, पेंशन और दूसरे फायदे मिल सकते हैं।



सैलरी में करीब 15 से 20 हजार रुपए तक का इजाफा और 10 साल का एरियर मिलने का रास्ता भी खुल सकता है। राज्य सरकार की याचिका सुप्रीम कोर्ट 24 अगस्त को खारिज कर चुका है। इसके बाद दायर अवमानना याचिका पर हाईकोर्ट ने यह समय दिया है। अगली सुनवाई 21 अक्टूबर से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी। अवमानना मामले की सुनवाई जस्टिस दीपक खोट की सिंगल बेंच में हुई। सरकार की ओर से आदेश का पालन करने के लिए समय मांगा गया, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र आर्य और सरकार की ओर से एएस बघेल ने पक्ष रखा।

शिक्षकों का कहना है कि छठा वेतनमान 1 जनवरी 2006 से लागू हुआ था, लेकिन उन्हें इसका लाभ 2016 से दिया जा रहा है। उनका तर्क है कि पहली नियुक्ति से सेवा जोड़? पर 2006 से ही वेतनमान का लाभ मिलना चाहिए। इससे 10 साल का बकाया बन सकता है। शिक्षकों के मुताबिक, प्रत्येक शिक्षक को करीब 7 से 8 लाख रुपए तक मिल सकते हैं। इस पर 12त्न ब्याज दिए जाने की बात भी सामने आई है। इससे मासिक वेतन में करीब 15 से 20 हजार रुपए तक का अंतर पड़ सकता है।

- **497 शिक्षकों ने शुरू की थी कानूनी लड़ाई-** राजेश पांडेय समेत 497 शिक्षकों ने इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उनका कहना था कि सरकार ने शिक्षा विभाग में संविलियन के लिए 2018 से पहले की उनकी शिक्षकीय सेवा को मान्यता नहीं दी। शिक्षकों ने मांग की कि नौकरी की अवधि पहली नियुक्ति से मानी जाए, ताकि उसी आधार पर उन्हें सीनियरिटी, वेतन बढ़ोतरी, पेंशन और दूसरे लाभ मिल सकें।
- **सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती-** हाईकोर्ट के शिक्षकों के पक्ष में फैसले के बाद राज्य सरकार ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सरकार की ओर से एसपीएल दाखिल की गई, जिसे 24 अगस्त 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद शिक्षकों ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका लगाकर आदेश का पालन कराने की मांग की।

मतदाता सूची में गड़बड़ी पर कांग्रेस निर्वाचन आयोग-कलेक्टोरेट घेरेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मप्र में मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस बड़ा आंदोलन करने वाली है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का सवाल उठा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार 28 सितंबर को भोपाल में राज्य निर्वाचन आयोग और



मंगलवार 29 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों पर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा। पटवारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिसंबर 2025 के ड्राफ्ट में 42.74 लाख नामों के फॉर्म उपलब्ध न होने की बात आई थी, जबकि फरवरी 2026 की अंतिम सूची में 34.25 लाख नाम हटा दिए गए। उन्होंने इसका विधानसभा व बूथवार ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग की। कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, निष्पक्ष जांच और गड़बड़ी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पटवारी ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति समिति से देश के मुख्य न्यायाधीश को हटाने पर भी सवाल उठाए।

ऑस्ट्रेलियाई हेल्थ पोर्टल में घुसा ओपनएआई एजेंट

पहली बार एआई एजेंट ने सरकारी पोर्टल हैक किया, जानकारी चुराई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया में पहली बार किसी एआई एजेंट के सरकारी वेबसाइट में सेंध लगाने का मामला सामने आया है। यह घटना ऑस्ट्रेलिया में हुई, जहां ओपनएआई के एजेंट ने हेल्थकेयर सर्विस पोर्टल में सेंध लगा कर फाइलों तक पहुंच बना जानकारी हासिल की इनमें हेल्थ खर्च और दवा सब्सिडी से जुड़ा डेटा था।

ओपनएआई ने इस घटना की सूचना 54 दिन बाद सरकार को दी। प्रधानमंत्री अल्बनीज ने न्यूयॉर्क में ओपनएआई प्रमुख सैम ऑल्टमैन से फोन पर बात कर देरी पर नाराजगी जताई।

ऑस्ट्रेलिया अब जांच करेगा कि कंपनी पर आपराधिक मामला बनता है या नहीं और ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियां इस घुसपैठ को पहले क्यों नहीं पकड़ सकीं। ओपनएआई ने भी माना कि उसके मॉडलों ने ऐसे कदम उठाए, जिनका इरादा कंपनी का नहीं था।

क्लॉड ने खोजा नया एंजाइम सिस्टम, जीन शोध में खुलेंगे रास्ते- एंथ्रोपिक के एआई मॉडल क्लॉड ने डीएनए डेटा खंगालकर एआरटी नाम का एंजाइम सिस्टम खोजा है। वैज्ञानिक पहले इसकी पहचान नहीं कर पाए थे। क्लॉड की इस रिसर्च से



ओपनएआई: सीईओ सैम बोले, एआई पर नियंत्रण खोने का खतरा है। देश मिलकर सुरक्षा मानक तय करें, ताकि तकनीक ज्यादा शक्तिशाली होने पर भी नियंत्रण में रहे।
एंथ्रोपिक: सीईओ अमोडेई ने चेताया कि गलत तरीके से संभाला गया एआई पूरी मानवता के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने जैविक हथियार बनाने में एआई के इस्तेमाल को रोकने के साझा नियम मांगे।

जीन शोध में नए रास्ते खुलेंगे। डीएनए एडिट कर बीमारी पैदा करने वाली चीजें हटाई व कोशिका में मनचाही खासियतें जोड़ी जा सकेंगी। एआरटी जीन एडिटिंग में इस्तेमाल होने वाली क्रिस्पर तकनीक के पैटर्न जैसा है। 950 एआई एजेंट्स ने 2 लाख से ज्यादा एंजाइम खंगालकर यह सिस्टम 21 घंटे में खोजा। इसकी अहमियत यह है कि एआई भविष्य में रिसर्च की रफ्तार काफी बढ़ाएगा।



महाकाल श्रृंगार



आज सुबह अनंत चतुर्दशी पर महाकाल का गणेश स्वरूप में श्रृंगार

अपनेतक

मंच बदलेंगे या सिर्फ प्रतिमाएं

गणेशजी का विसर्जन हो जाएगा। इसके बाद कुछ पंडालों में लगाए गए लकड़ी के मंच हटा लिए जाएंगे। लेकिन कुछ मंच ऐसे भी हो सकते हैं, जो 16 दिन तक श्राद्ध पक्ष में उसी तरह लगे रहें और फिर उन्हीं मंचों पर नवरात्रि में माता जी की प्रतिमा विराजमान कर दी जाए।

यानी मंच वही, बस प्रतिमा बदल जाएगी और पर्व भी।

पिछले दस दिनों से इन पंडालों और मंचों के कारण शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित रही है। अब गणेशोत्सव समाप्त होने के बाद व्यवस्था कितनी सुधरती है, यह केवल प्रशासन के दावों से तय नहीं होगा।

यह तो शहर में बचे और हटाए गए मंचों की बदलती संख्या ही बताएगी कि सड़कों को वास्तव में कितनी राहत मिली।

यदि गणेशजी के विसर्जन के बाद मंच हटते हैं तो यातायात को राहत मिलेगी, लेकिन यदि उन्हीं मंचों पर नवरात्रि की तैयारी शुरू हो गई तो आम आदमी के लिए सड़क पर परेशानी का सिलसिला भी जारी रह सकता है।

आस्था और उत्सव शहर की पहचान हैं, लेकिन पंडालों के लिए सड़कें स्थायी रूप से घेर देना व्यवस्था का विकल्प नहीं हो सकता। त्योहार बदलते रहें, प्रतिमाएं बदलती रहें, लेकिन क्या शहर की यातायात व्यवस्था भी कभी बदलेगी?

वंदे मातरम की 150वीं जयंती पर एक करोड़ लोग एक साथ करेंगे गायन, बनेगा वर्ल्ड रिकॉर्ड

उज्जैन। वंदे मातरम की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 25 सितंबर को देशभर में एक साथ एक करोड़ से अधिक लोग राष्ट्रीय गीत का गायन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। नमामि भारतम अभियान के तहत यह सामूहिक गायन सुबह 11 बजे एक ही सुर और लय में होगा। इस आयोजन को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया जाएगा। देश भर में एक ही समय पर वंदे मातरम् के सामूहिक स्वर गूंजने से राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया जाएगा। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित मारुतिगंज स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी, आचार्य परिवार, अभिभावक, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता और समाजजन इस विश्व रिकॉर्ड का हिस्सा बनेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीठाधीश्वर गादीपति महंत रामनाथ महाराज होंगे। केंद्रीय जेल अधीक्षक उज्जैन मनोज कुमार साहू कार्यक्रम के साक्षी और प्रांत संयोजक शिशु वाटिका संतोष विश्वकर्मा मुख्य वक्ता रहेंगे।

सिद्धिविनायक महिला मंडल ने भगवान गणेश को लगाया 56 भोग, की महाआरती

उज्जैन। विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट में श्री सिद्धिविनायक महिला मंडल द्वारा भगवान श्री गणेश को 56 भोग अर्पित कर महाआरती की गई। कार्यक्रम में मंडल की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और क्षेत्र में सुख, समृद्धि व शांति की कामना की। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। यह आयोजन मंडल अध्यक्ष पूनम टेकवानी की अध्यक्षता और संरक्षक मीनल अग्रवाल, कृष्णा खंडेलवाल, इंदु जैन, शिरोमणि अग्रवाल, रेखा कामरिया व द्वारका खंडेलवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल की उपाध्यक्ष कुंजू भावसार, कोषाध्यक्ष शोभा काला, सचिव बबीता अग्रवाल और सह-सचिव अलका कांकाणी सहित महिला मंडल की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

नानाखेड़ा के राजा को लगा 56 भोग, तोप की गर्जना के बीच हुई महाआरती

उज्जैन। नानाखेड़ा के राजा के दरबार में भव्य महाआरती और 56 भोग प्रसादी का आयोजन किया गया। ढोल-ताशों, बम-पटाखों और तोप की गर्जना के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भगवान के दर्शन किए और महाआरती में हिस्सा लिया।

आयोजन के दौरान भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का 56 भोग अर्पित किया गया। महाआरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों को खिचड़ी, लड्डू, केले और फ्रेंच फ्राइज सहित अन्य खाद्य पदार्थों की प्रसादी वितरित की गई।

हीरामिल कुंड में गणेश प्रतिमा विसर्जन निषेध

मूर्तियां संग्रहित कर केडी पैलेस के पीछे ले जाई जाएंगी, शिप्रा में होगा ससम्मान विसर्जन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन ने इस बार नई व्यवस्था लागू की है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पिछले कुछ वर्षों से जीरो पाइंट ब्रिज के समीप हीरामिल कम्पाउंड स्थित कुंड में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था की जाती रही है, लेकिन इस वर्ष कुंड में प्रतिमाओं का विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा।

हीरामिल कुंड में इस वर्ष पानी का स्तर काफी कम है। कम बारिश के कारण स्थिति ऐसी है कि बड़ी गणेश प्रतिमाएं कुंड में पूरी तरह जलमग्न भी नहीं हो पाएंगी। इसे देखते हुए नगर निगम ने प्रतिमाओं को कुंड में विसर्जित करने के बजाय समीप ही संग्रहण केंद्र बनाने का निर्णय लिया है। नगर निगम झोन क्रमांक-5 के प्रभारी रवि वास्कले के अनुसार, श्रद्धालुओं द्वारा लाई जाने वाली गणेश प्रतिमाओं को कुंड के समीप बनाए गए काउंटर पर एकत्र किया जाएगा। इसके बाद नगर निगम का अमला आयशर और ट्रकों के माध्यम से प्रतिमाओं को कालियादेह पैलेस के पीछे ले जाएगा, जहां गणेश प्रतिमाओं का शिप्रा नदी में ससम्मान विसर्जन किया जाएगा।





देवासगेट टीआई ने किया निरीक्षण

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए देवासगेट थाना प्रभारी एनपीएस परिहार ने पुलिस जवानों के साथ हीरामिल कुंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके की स्थिति देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।



कुंड की चारों ओर बैरिकेडिंग

अनंत चतुर्दशी से एक दिन पूर्व ही नगर निगम का अमला व्यवस्था को लेकर सक्रिय नजर आया। हीरामिल कुंड की चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है, ताकि विसर्जन के लिए आने वाले लोगों के कुंड में उतरने से किसी तरह की दुर्घटना न हो। कुंड के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी की गई है। प्रतिमाओं को रखने के लिए कुंड के समीप तख्त लगाए गए हैं।

एक दिन पहले ही करते रहे विसर्जन



अनंत चतुर्दशी पर प्रशासन द्वारा की गई सख्ती को देखते हुए कई श्रद्धालुओं ने एक दिन पहले ही गुरुवार को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया। नदी और विभिन्न कुंडों के अलावा हीरामिल कुंड में भी महिलाएं और युवा गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करते नजर आए। ऐसे में अनंत चतुर्दशी के दिन प्रशासन द्वारा तय की गई नई विसर्जन व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना भी चुनौती रहेगा।

पृथ्वी की धुरी, दिन-रात और परछाईं की गतिविधियों को भी समझाया गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वर्ष में दो अवसर ऐसे आते हैं, जब दिन और रात की अवधि लगभग बराबर होती है। सितंबर में आने वाली इस खगोलीय घटना को विषुव अथवा इक्विनॉक्स कहा जाता है। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शास्त्रीनगर में विद्यार्थियों को विषुव की अवधारणा को व्यावहारिक रूप से समझाने के लिए शैक्षणिक गतिविधि आयोजित की गई।

विद्यालय के भूगोल विषय के व्याख्याता निरंजन कुमार बेलिया ने स्वयं की मेहनत से तैयार किए गए शंकु यंत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को विषुव की स्थिति समझाई। यंत्र की विभिन्न रेखाओं और आकृतियों के माध्यम से पृथ्वी की धुरी, सूर्य की स्थिति, दिन-रात की अवधि तथा परछाईं बनने की प्रक्रिया को सरल तरीके से प्रदर्शित किया गया।



शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने और उसकी धुरी के झुकाव के कारण वर्षभर दिन-रात की अवधि में परिवर्तन होता है। विषुव के समय सूर्य की किरणें भूमध्य रेखा पर लगभग लंबवत पड़ती हैं और दुनिया के अधिकांश स्थानों पर दिन तथा रात की अवधि लगभग समान होती है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य उमा शर्मा, व्याख्याता अंकित शर्मा, चेतपालसिंह चौधरी एवं विवेकानंद व्यास उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने शंकु यंत्र के माध्यम से खगोलीय घटना को समझने में विशेष रुचि दिखाई।

इंदौर के कलाकारों ने दी 'राम उसी ने पाया' की प्रस्तुति

रामचरितमानस की प्रस्तुति से राममय हुआ महाराष्ट्र समाज भवन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी में गणेशोत्सव के अंतर्गत श्रीरामचरितमानस पर आधारित विशेष कार्यक्रम 'राम उसी ने पाया' का आयोजन किया गया। इस संगीतमय प्रस्तुति से समाज भवन का पूरा वातावरण राममय हो गया।

कार्यक्रम में प.पू. नाना महाराज तराणेकर कला मार्तंड फाउंडेशन, इंदौर के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में संजय तराणेकर, छाया तराणेकर, मानसी तराणेकर, ईशा खलदकर, जयश्री प्रचंड, विवेक प्रचंड, जयंत मुले, रेखा मुले और विवेक क्षीरसागर शामिल रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने की। आयोजन के संयोजक अनिल देवलासे थे। मंच संचालन चंद्रकांत फटाले ने किया तथा आभार कार्यकारिणी सदस्य सुचित्रा केतकर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर गणेशोत्सव अध्यक्ष संजय दिवटे, उपाध्यक्ष तुषार मुजुमदार, समाज उपाध्यक्ष सदाशिव नायगाँवकर, रविन्द्र मुले, प्रदीप जोग, अमित सुपेकर, रविन्द्र आयाचित और विजय घाटपांडे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम की जानकारी विश्वास करहाड़कर द्वारा दी गई।



अनंत चौदस पर भगवान अनंत नारायण की पूजन व कथा का महत्व होता

अनंत चौदस पर सुबह से शहर के विभिन्न बाजारों में रौनक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सुबह से ही शहर के बाजारों मे अनंत चतुर्दशी की रौनक नजर आई। फ्रीगंज मे हार- फूल व पूजा सामग्री की दुकानों पर लोगों की आवाजाही व खरीदारी चलती रही।

अनंत चौदस पर भगवान अनंत नारायण की पूजन व कथा का महत्व होता है। श्रद्धालु विधि विधान से स्नान करके भगवान अनंतनारायण की पूजा करते हैं और कथा का श्रवण करते हैं। चौदह गांठ वाले रंगीन धागे को अनंतनारायण का प्रतिकात्मक पूजन कर- के अपनी भुजा मे धारण करते हैं।

सुबह से ही धर्मनिष्ठ लोग अनंत के धागे खरीदते दिखे। सूती धागे की मांग अधिक रही। सूती धागा जहां दस रूपए मे एक बिक रहा था वहीं रेशमी धागा 15 रूपए के दो बिक रहे थे।



पितरों के लिए 16 दिन पूजन; - 26 सितंबर से श्राद्ध पक्ष की शुरूआत होगी। उज्जैन में सिद्धवट, रामघाट और शिप्रा नदी के अन्य घाटों पर देशभर से श्रद्धालु पितरों के तर्पण और पिंडदान के लिए पहुंचेंगे। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार करीब 60 साल बाद विशेष ग्रह संयोग बन रहा है। उनका कहना है कि 1966 के बाद 2026 में सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु और शनि की विशेष स्थिति की पुनरावृत्ति हो रही है।

राज्य स्तरीय बैडमिंटन में गोल्ड जीतकर उज्जैन के अभिराम नेशनल के लिए चयनित

उज्जैन। सेंट थॉमस स्कूल और विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के छात्र अभिराम जायसवाल का चयन तमिलनाडु के पोल्लाची में होने वाली नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अभिराम ने भोपाल में आयोजित सीआईएससीई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल की है।

कोच योगेश बन्देवार ने बताया कि अभिराम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल कौशल, आक्रामक शॉट और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में भी शानदार खेल दिखाते हुए उन्होंने खिताब पर कब्जा जमाया। अभिराम वर्तमान में कोच योगेश बन्देवार के मार्गदर्शन में ही प्रशिक्षण ले रहे हैं।

तपोभूमि में अष्ट द्रव्य से विशेष पूजा, शांतिनाथ मंदिर में मुनि प्रणीत सागर ने दिया परिग्रह त्यागने का संदेश

दशलक्षण पर्व के नौवें दिन उत्तम आकिंचन्य धर्म की आराधना

शुक्रवार को मनेगा उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म, आचार्य प्रज्ञा सागर ने बताया आत्मशक्ति का सर्वोच्च साधन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के जैन मंदिरों में चल रहे दशलक्षण महापर्व के नौवें दिन गुरुवार को उत्तम आकिंचन्य धर्म की विशेष आराधना की गई। श्री महावीर तपोभूमि और शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर (लक्ष्मी नगर-सेठी नगर) में दिनभर अभिषेक, शांतिधारा, विधान, ध्यान और प्रवचन के आयोजन हुए। धर्मसभाओं में संतों और विद्वानों ने परिग्रह त्यागने, मोह छोड़ने और आत्मा में लीन रहने का संदेश दिया। शुक्रवार को पर्व के अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म मनाया जाएगा, जिसके बाद क्षमावाणी पर्व मनेगा।

श्री महावीर तपोभूमि पर जारी 10 दिवसीय श्रावक संस्कार शिविर में गुरुवार को ज्योतिषाचार्य ब्रह्मचारिणी प्रभा दीदी, अंजू दीदी और वासु भैया के सान्निध्य में कार्यक्रम हुए। प्रातः सामायिक और अभिषेक-शांतिधारा के पश्चात मोनिका सेठी द्वारा आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज की अष्ट द्रव्य से विशेष पूजा कराई गई। ब्रह्मचारिणी प्रभा दीदी ने उत्तम आकिंचन्य धर्म का मर्म समझाते हुए कहा कि संसार के सभी नियमों का पालन करते हुए मनुष्य को एकांतता में रहने का प्रयास करना चाहिए। मनुष्य संसार में अकेला आया है और उसे अकेला ही जाना है। कर्मों का फल स्वयं भोगना पड़ता है, इसलिए जीवन में अच्छे कर्म करें। समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि अभिषेक-शांतिधारा व भोजन का लाभ पुण्यार्जक हितेश जैन परम को मिला। शिविर में मुख्य संयोजक रमेश मीना जैन (एकता ज्वेलर्स), सारिका जैन, संस्थापक अध्यक्ष अशोक जैन चायवाला, अध्यक्ष दिनेश जैन सुपर फार्मा, ट्रस्टी राजेंद्र लुहाडिया, गिरीश चंद बिलाला और विनीता कासलीवाल का विशेष योगदान रहा।





शांतिनाथ मंदिर : तत्वार्थ सूत्र के 47 सूत्रों का वाचन

लक्ष्मी नगर-सेठी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः विद्यार्थियों द्वारा तत्वार्थ सूत्र के अध्याय 9 (संवर और निर्जरा अधिकार) के 47 सूत्रों का सामूहिक श्लोक वाचन किया गया। मुनि श्री प्रणीत सागर महाराज ने इसका हिंदी अनुवाद समझाते हुए कहा कि कर्मों के आने को रोकना संवर है और तप से कर्मों का झड़ना निर्जरा है। उत्तम आकिंचन्य धर्म पर मुनि श्री ने कहा कि जिसने मान लिया कि आत्मा के सिवा कुछ मेरा नहीं है, वही सच्चा आकिंचन है। परिग्रह ही दुःख है, परिग्रह घटेगा तो आकुलता घटेगी और निर्जरा बढ़ेगी। पश्चात श्रद्धालुओं ने 'ॐ ह्रीं उत्तम-आकिंचन्य-धर्मांगाय नमः' मंत्र का 108 बार सामूहिक जाप किया। गुरुवार को रत्नत्रय में 248 पुष्प चढ़ाए गए तथा मल-सत्कार पुरस्कार परीषह ध्यान हुआ। पुण्यार्जक ममता-सुबोध जैन परिवार रहे।

उज्जैन
शुक्रवार
25
सितम्बर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासमः सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्।।
अर्थः विद्या जैसा कोई मित्र नहीं है, विद्या जैसा कोई मित्र नहीं है, (और) विद्या के समान कोई धन या सुख नहीं है।

खबर एक नजर...

वर्क फ्रॉम होम जॉब के नाम पर छात्रा से 45 हजार ठगे

इंदौर। राजेंद्र नगर क्षेत्र में वर्क फ्रॉम होम और पार्ट टाइम जॉब के नाम पर साइबर ठगों ने एक छात्रा को निशाना बनाया। इंस्टाग्राम पर नौकरी का विज्ञापन देखकर संपर्क करने वाली छात्रा से आरोपियों ने रजिस्ट्रेशन, लैपटॉप, इंश्योरेंस और इनकम टैक्स क्लियरेंस के नाम पर किस्तों में रुपए जमा करवाए। बुधवार को केस दर्ज किया गया है। पुलिस को पीड़िता छात्रा ने बताया, 13 सितंबर को वह मोबाइल पर इंस्टाग्राम चला रही थी तो नौकरी का विज्ञापन दिखा। विज्ञापन पर क्लिक करते ही उसका नंबर संबंधित एजेंसी तक पहुंच गया। इसके बाद एक व्यक्ति ने कॉल कर खुद को रिक्रूटर बताया और कहा कि उसका नंबर जॉब के लिए शॉर्टलिस्ट हुआ है। रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर उससे 1500 रुपए ट्रांसफर करा लिए। अगले दिन खुद को नामी एजुकेशनल कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले व्यक्ति ने छात्रा को कॉल किया। नौकरी पक्की होने की बात कहते हुए कंपनी की ओर से लैपटॉप और मोबाइल देने का झांसा दिया। इसके लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर 9,600 रुपए जमा करवाए। इसके बाद छह महीने के इंश्योरेंस के नाम पर 4,800 रुपए और लिए। पेमेंट शो नहीं होने का बहाना : आरोपियों ने कुछ देर बाद फिर कॉल किया और कहा कि आधा पेमेंट होने के कारण सिस्टम में एंट्री नहीं दिख रही है। इस बहाने 4,800 फिर 9,600 रुपए दोबारा जमा करवाए।

इंदौर में कंस्ट्रक्शन व्यापारी से 50 लाख की ठगी

इंदौर। एमजी रोड थाना क्षेत्र में एक कंस्ट्रक्शन व्यापारी से 50 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। अडानी के ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट में 1 करोड़ रुपए निवेश कर भारी मुनाफे का झांसा देकर शातिर ठगों ने व्यापारी को इंदौर बुलाया। इसके बाद उनसे नोटों से भरा बैग लिया और चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एमजी रोड पुलिस के मुताबिक, झाबुआ निवासी फरियादी कंस्ट्रक्शन का कारोबार करते हैं। कुछ समय पहले अमित भाई नाम के व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और 'ग्रीन अडानी प्रोजेक्ट' में 1 करोड़ रुपए निवेश करने की योजना बताई। अमित ने दावा किया कि इस प्रोजेक्ट में पैसा लगाने पर कम समय में भारी मुनाफा होगा। उसकी बातों में आकर व्यापारी निवेश के लिए तैयार हो गए। उन्होंने अपने दोस्त विक्रम को इसकी जानकारी दी। इसके बाद तीन दोस्तों से रुपए लेकर वे बुधवार को इंदौर के एम. अंबाराम इंटरप्राइजेस, सिख मोहल्ला पहुंचे। यहां उन्हें संदीप पुरी नाम का युवक मिला। उसने नोटों से भरा बैग अपने पास रख लिया और मशीन से 50 लाख रुपए गिने। व्यापारी ने इसका वीडियो भी बना लिया। नोट गिनने के बाद संदीप ने अमित भाई से फोन पर बात कराई। अमित ने कहा कि रुपए संदीप को ले जाने दें। उसने यह भी कहा कि जो भी प्रॉफिट होगा, उसकी जानकारी देकर रकम ट्रांसफर करा दी जाएगी। इसके बाद व्यापारी ने अमित को कॉल किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। संदीप और उसके साथी अंबाराम के मोबाइल नंबर भी बंद मिले।

विजयवर्गीय बोले- प्रकृति का दोहन करें, शोषण का अधिकार नहीं

इंदौर। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुरुवार को दतुनी पहाड़ी पर पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इसमें दादा गुरु महाराज, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभी ने पहाड़ी पर पौधे रोपे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि प्रकृति से जितना लेते हैं, उससे दोगुना उसे लौटाना हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए। हम प्रकृति का दोहन कर सकते हैं, लेकिन शोषण करने का अधिकार नहीं है। प्रकृति के शोषण के कारण अतिवृष्टि और अनावृष्टि जैसी स्थितियां बनती हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ में सात मंजिला इमारतों के ढहने जैसी घटनाएं भी प्रकृति के साथ छेड़छाड़ का परिणाम हैं। इसलिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। विजयवर्गीय ने दतुनी पहाड़ी का नाम बदलकर ह्यऋषि पहाड़ीह्न रखने की बात कही। दादा गुरु महाराज का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे साढ़े पांच साल से केवल नर्मदा के जल पर रहे हैं, जो विज्ञान के लिए भी चुनौती है। 24 तारीख को 20-25 देशों के डॉक्टर उनका परीक्षण करने आएंगे। उन्होंने इंदौर में कम बारिश को लेकर भी चिंता जताई। कहा कि पेड़ सूखने या मरने की घटना उन्हें बहुत दुखी करती है।

विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस को मिला एमडी ड्रग

इंदौर। लसूड़िया इलाके में फ्लैट में युवक-युवतियों के विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एमडी ड्रग के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 55 ग्राम से ज्यादा एमडी ड्रग बरामद हुई है। पूछताछ में सामने आया कि ड्रग राजस्थान के झालावाड़ जिले के बड़ोद से सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने दो आरोपियों की निशानदेही पर राजस्थान के शेख अनस को भी इंदौर बुलाकर गिरफ्तार किया। अनस का 4 दिन बाद चंदन नगर में निकाह होना था और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। एसीपी पराग सैनी के मुताबिक लसूड़िया पुलिस को निरंजनपुर स्थित एक फ्लैट में युवक-युवतियों के विवाद की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां मौजूद लोगों के पास एमडी ड्रग मिली। पूछताछ के बाद पुलिस ने हर्ष शर्मा (40), रूपाली रावल (25) और रानी कौशल (33) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने एमडी ड्रग शहजाद चौधरी निवासी मालवीय नगर और मोहम्मद सद्दाम निवासी कृष्ण बाग कॉलोनी से लेना बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उन्होंने राजस्थान से ड्रग लेने की जानकारी दी। शहजाद और सद्दाम ने पुलिस को बताया कि वे राजस्थान के झालावाड़ जिले के बड़ोद निवासी शेख अनस से एमडी ड्रग लेते हैं। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के जरिए अनस से डील के लिए संपर्क कराया और उसे इंदौर बुलाकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक अनस इंदौर में पहले भी कई लोगों को एमडी ड्रग सप्लाई कर चुका है। उससे पूछताछ कर ड्रग सप्लाई के नेटवर्क और अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

अनंत चतुर्दशी पर इंदौर का ट्रैफिक प्लान जारी, भारी वाहनों के लिए भी डायवर्जन

आज दोपहर से झांकी मार्ग पर वाहनों की एंट्री बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

अनंत चतुर्दशी पर 25 सितंबर को शहर में निकलने वाले गणेश झांकियों के भव्य चल समारोह को लेकर यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। झांकियां शहर के अलग-अलग हिस्सों से निकलकर डीआरपी लाइन चौराहा पहुंचेंगी।

यहां से चिकमंगलूर चौराहा, जेल रोड, एमजी रोड, मृगनयनी, फ्रूट मार्केट, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार, क्लॉथ मार्केट, खजूरी बाजार और राजवाड़ा होते हुए नगर निगम क्षेत्र से अपने-अपने स्थानों पर जाएंगी। चल समारोह को देखते हुए 25 सितंबर को शाम 3 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। भीड़ और यातायात के दबाव के अनुसार प्रतिबंध का समय आगे-पीछे किया जा सकता है।



इन इलाकों में वाहन लेकर जाने से बचें- नंदलालपुरा, यशवंत रोड, रामलक्ष्मण बाजार, नृसिंह बाजार, गोराकुंड, शक्कर बाजार, सुभाष चौक, राजवाड़ा और कृष्णपुरा पुल समेत झांकी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रहेगी। इन क्षेत्रों में सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस ने लोगों से पहले से यात्रा की योजना बनाने की अपील की है।

यहां पार्किंग पर रोक- नंदलालपुरा, यशवंत रोड, रामलक्ष्मण बाजार, नृसिंह बाजार, जी. सच्चिदानंद, गोराकुंड, शक्कर बाजार, सुभाष चौक, राजवाड़ा और कृष्णपुरा पुल तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।

झांकी मार्ग पर इन जगहों से एंट्री बंद

रामबाग, महेश जोशी तिराहा, सुभाष चौक पानी की टंकी, एसीपी कार्यालय मल्हारगंज, बड़वाली चौकी, इतवारिया बाजार, सब्जी मंडी, दरगाह चौराहा, मच्छी बाजार, पंढरीनाथ थाना तिराहा, गौतमपुरा तिराहा और कबूतरखाना चौकी समेत विभिन्न स्थानों से चल समारोह मार्ग की ओर वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

भारी वाहनों के लिए भी प्रतिबंध

अनंत चतुर्दशी पर भारी वाहनों की आवाजाही भी कई मार्गों पर प्रतिबंधित रहेगी। इनमें रीगल-गांधी भवन, वल्लभ नगर-राजकुमार ब्रिज, पत्थर गोदाम-राजकुमार ब्रिज, परदेशीपुरा-भंडारी ब्रिज-डीआरपी लाइन, भागीरथपुरा-शिवालय, मरीमाता-इमली बाजार, बड़ा गणपति-टोरी कॉर्नर, वायरलेस-बड़ा गणपति, चंदन नगर-गंगवाल, पटेल प्रतिमा-संजय सेतु, महूनाका-कलेक्टर और गुलजार चौकी-कलेक्टर मार्ग शामिल हैं।

ट्रैफिक समस्या पर इस नंबर पर करें संपर्क

- यातायात संबंधी समस्या या जानकारी के लिए नागरिक ट्रैफिक हेल्पलाइन 7049107620 पर संपर्क कर सकते हैं। यातायात संबंधी सुविधाओं के लिए इंदौर ट्रैफिक साथी एप का भी उपयोग किया जा सकता है।
- यातायात पुलिस ने नागरिकों से 25 सितंबर को अनावश्यक रूप से भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहन लेकर नहीं जाने और निर्धारित डायवर्जन रूट का इस्तेमाल करने की अपील की है। जरूरत पड़ने पर पिक एंड ड्रॉप के लिए ई-रिक्शा या दोपहिया वाहन का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

धार कोठी में लाइसेंसी फर्म के अवैध गोदाम पर कार्रवाई, 9 हजार किट बेच डाली

10 हजार से ज्यादा गर्भपात किट जब्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

धार कोठी क्षेत्र में ड्रग विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक दवा गोदाम पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में गर्भपात में इस्तेमाल होने वाली दवाएं जब्त की हैं। कार्रवाई में 10 हजार से अधिक गर्भपात किट मिलने की जानकारी सामने आई है। इसके अलावा सिडेनफिल साइट्रेट और 'सेफ्टी पिल' ब्रांड की दवाएं भी बरामद की गई हैं। जब्त दवाओं की कीमत 52 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

कार्रवाई गुरुवार रात सेंट रेफियल स्कूल के पास धार कोठी स्थित क्वालिटी फार्मा से जुड़े गोदाम पर की गई। विभाग के अनुसार फर्म लाइसेंसी है, लेकिन जांच के दौरान गोदाम में दवाओं के भंडारण और बिक्री से संबंधित जरूरी रिकॉर्ड और दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं कराए जा सके। इसके बाद टीम ने दवाओं को जब्त कर जांच शुरू कर दी।

करीब 9 हजार किट पहले ही बेचने की जानकारी- जांच के दौरान विभाग को यह जानकारी भी मिली कि संबंधित फर्म से अब तक करीब 9 हजार गर्भपात किट की बिक्री की जा चुकी है। हालांकि बिक्री का पूरा रिकॉर्ड अभी जांच के दायरे में है। विभाग ने संबंधित पक्ष से दस्तावेज और बिक्री का हिसाब उपलब्ध कराने को कहा है।



अब अधिकारियों की जांच इस दिशा में भी आगे बढ़ रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में दवाएं कहां से लाई गई और इन्हें किन लोगों या संस्थानों को बेचा गया।

दो लोगों से जुड़ा मामला- विभागीय कार्रवाई में जावेद खान और अजय सवडतकर नामक व्यक्तियों से संबंधित दवाएं जब्त की गई हैं। अधिकारियों के अनुसार दवाओं के अवैध भंडारण और बिक्री से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित लोगों की भूमिका स्पष्ट होगी।

बिना निर्धारित प्रक्रिया बिक्री पर विभाग की नजर

औषधि विभाग के अधिकारियों के अनुसार गर्भपात संबंधी दवाओं की बिक्री निर्धारित चिकित्सकीय प्रक्रिया और वैध प्रिस्क्रिप्शन के अनुसार ही की जानी चाहिए। विभाग को आशंका है कि नियमों का उल्लंघन कर इन दवाओं की बिक्री की गई हो सकती है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निष्कर्ष विस्तृत जांच और रिकॉर्ड की पड़ताल के बाद ही सामने आएगा।

ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई

मामले में ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी है। जब्त दवाओं और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक अगले चरण में जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई ड्रग इंस्पेक्टर सारिका अग्रवाल, योगेश गुप्ता और लोकेश गुप्ता की टीम ने की।

फर्जी दस्तावेजों से शहर काजी बनने की कोशिश

मोहम्मद सलामुद्दीन बरकाती पर एफआईआर दर्ज, कलेक्टर-एसपी की जांच में खुलासा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सांवेर में फर्जी और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर खुद को शहर काजी घोषित कराने का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को केस दर्ज किया है। आरोपी की पहचान मोहम्मद सलामुद्दीन बरकाती पुत्र काजी जैनुद्दीन, निवासी वार्ड नंबर-1, सांवेर के रूप में हुई है।

ग्रामीण डीसीपी उमाकांत चौधरी के मुताबिक, आरोपी पर वास्तविक तथ्यों को छिपाकर और असत्य आधार पर न्यायालयीन आदेशों का दुरुपयोग करते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का आरोप है। इन दस्तावेजों के आधार पर उसने तहसील सांवेर में खुद को शहर काजी के रूप में स्थापित कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजे थे। मामले में संबंधित लोगों ने कलेक्टर और एसपी ग्रामीण से शिकायत की थी।

प्रशासनिक जांच में सामने आए तथ्य- सहायक संचालक, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, इंदौर की जांच रिपोर्ट 7 सितंबर 2026 को तैयार हुई। इसके बाद एसपी ग्रामीण कार्यालय की 11 सितंबर 2026 की रिपोर्ट में आरोपी की ओर से प्रस्तुत तथ्यों को मिथ्या, भ्रामक और नियम विरुद्ध बताया गया। जांच रिपोर्टों के आधार पर इंदौर कलेक्टर और एसपी ग्रामीण के अनुमोदन के बाद 24 सितंबर को थाना सांवेर में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। पुलिस मामले में दस्तावेजों और उनसे संबंधित तथ्यों की जांच कर रही है।

एआईएमपी चुनाव में प्रोग्रेसिव पैनल का क्लीन स्वीप, सभी 15 उम्मीदवार जीते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के कार्यकारिणी वर्ष 2026-28 के लिए हुए चुनाव में प्रोग्रेसिव पैनल के सभी 15 उम्मीदवार विजयी रहे। चुनाव परिणाम जारी होने के बाद एसोसिएशन परिसर में समर्थकों और सदस्यों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला।

चुनाव अधिकारियों प्रभु सक्सेरिया, विजय गोयल, नितिन तेंदुलकर और डॉ. शरद डोसी के नेतृत्व में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। जारी परिणाम के अनुसार एसोसिएशन के कुल 854 वैध मतदाताओं में से 636 ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इनमें से 36 मत अवैध घोषित किए गए। मतदान प्रतिशत करीब 75 रहा।

परिणाम घोषित होने के बाद प्रोग्रेसिव पैनल के समर्थकों और सदस्यों में उत्साह नजर आया। परिसर में जश्न का माहौल रहा। पैनल के संयोजक ओम धूत, मोहनसिंह रघुवंशी, दिनेश भट्ट सहित नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने मतदाताओं और समर्थकों के प्रति आभार जताया। पैनल की ओर से कहा गया कि मतदाताओं ने जिस विश्वास के साथ उन्हें दोबारा जिम्मेदारी सौंपी है, उसे कायम रखने के लिए संगठन और उद्योगजगत के हित में पूरी निष्ठा से काम किया जाएगा।

निगम की कार्रवाई के बाद थाने पहुंचे लोग; जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

इंदौर में शिवाजी महाराज की प्रतिमा के स्ट्रक्चर पर विवाद


ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मोती तबेला इलाके में शासकीय भूमि पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापना के लिए तैयार किए जा रहे ढांचे को नगर निगम द्वारा हटाए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है।

कार्रवाई से नाराज स्थानीय रहवासी, क्षेत्रीय पार्षद और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता गुरुवार रात पंढरीनाथ थाने पहुंचे। यहां उन्होंने नारेबाजी कर चबूतरा तोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार, मोती तबेला क्षेत्र स्थित सरकारी जमीन पर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी की जा रही थी।

इसके लिए मौके पर चबूतरा तैयार किया गया था। गुरुवार को नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और बिना पूर्व सूचना के निमार्णाधीन ढांचे को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई की खबर फैलते ही इलाके में विरोध शुरू हो गया।



क्षेत्रीय पार्षद रूपाली पंडित के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रहवासी और विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सभी जुलूस के रूप में पंढरीनाथ थाने पहुंचे और चबूतरा तोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

प्रतिमा स्थापना की अनुमति देने की मांग

पार्षद रूपाली पंडित और प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापना के लिए विधिवत अनुमति दी जाए। साथ ही बिना संवाद के कार्रवाई करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर मामला शांत कराया। पार्षद ने मामले को लेकर पुलिस को लिखित शिकायत भी दी है।

निगम ने लिखित आश्वासन दिया, प्रमुख चौराहों से हटाए जाएंगे पोस्टर-बैनर

इंदौर में सोशल एक्टिविस्ट का 9वें दिन अनशन खत्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में सड़कों और चौराहों पर लगे अवैध बैनर-पोस्टर हटाने की मांग को लेकर सोशल एक्टिविस्ट प्रहलाद पांडेय का अनशन गुरुवार को 9वें दिन खत्म हो गया। 16 सितंबर को मरीमाता चौराहे पर अवैध बैनर-पोस्टर का वीडियो बनाने के दौरान मारपीट के बाद पांडेय रीगल चौराहे स्थित गांधी प्रतिमा पर अनशन पर बैठे थे। नगर निगम और प्रशासन के अधिकारियों ने कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद उन्होंने अनशन खत्म किया।

उन्होंने नारियल पानी पीकर अनशन खत्म किया। इस दौरान उन्होंने गांधी प्रतिमा पर फूल भी अर्पित किए। आंदोलन के दौरान अवैध बैनर-पोस्टर और स्वागत द्वार का मुद्दा शहर में चर्चा में रहा। पांडेय की तबीयत बिगड़ने के बाद प्रशासन और निगम पर भी कार्रवाई को लेकर दबाव बढ़ा।

अनशन खत्म करने के बाद पांडेय ने कहा कि बीती रात नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर केशव सिंह ने कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि लोग उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थे और उनके आग्रह पर उन्होंने अनशन खत्म किया है। पांडेय ने बताया कि उनके साथ मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। अवैध बैनर-पोस्टर नहीं लगें, इसके लिए उन्होंने हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में रिट पिटिशन भी दायर की है। बुधवार को ही प्रहलाद पांडेय की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पांडेय ने इलाज कराने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें कुछ होने पर महापौर, निगम कमिश्नर, कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को जिम्मेदार माना जाए। रात में निगम की टीम मौके पर पहुंची। बातचीत के बाद अनशन खत्म करने पर सहमति बनी और गुरुवार को पांडेय ने अनशन समाप्त कर दिया।



प्रमुख चौराहों से बैनर-पोस्टर हटाने पर सहमति

एडिशनल तहसीलदार कमलेश कुशवाह ने कहा कि प्रशासन कुछ दिनों से पांडेय के संपर्क में था। उनकी मांग पर आश्वासन दिया गया है। नगर निगम अवैध बैनर-पोस्टर पर कार्रवाई कर रहा है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। निगम उपायुक्त केशव सिंह सगर ने कहा कि पांडेय ने जिन प्रमुख चौराहों पर कार्रवाई की बात कही है, वहां शुक्रवार सुबह बैनर-पोस्टर और स्वागत द्वार हटाने पर सहमति बनी है। बुधवार को भी निगम ने अलग-अलग जगह कार्रवाई की थी।

- **16 सितंबर को मारपीट के बाद शुरू किया था अनशन-** 16 सितंबर को मरीमाता चौराहे पर अवैध बैनर-पोस्टर के वीडियो बनाने के दौरान पांडेय के साथ मारपीट हुई थी। इसके बाद वे रीगल चौराहे स्थित गांधी प्रतिमा पर अनशन पर बैठ गए थे। उन्होंने विधायक गोलू शुक्ला के समर्थक पर मारपीट का आरोप लगाया था। जानकारी मिलने के बाद लोग भी पांडेय के समर्थन में पहुंचे। इस दौरान गांधी प्रतिमा पर कई गतिविधियां हुईं।
- **पत्नी ने भी निगम गेट पर शुरू किया था अनशन-** मंगलवार को निगम की जनसुनवाई में पांडेय की पत्नी संगीता ने अवैध बैनर-पोस्टर हटाने का आवेदन दिया था। उन्होंने 24 घंटे में कार्रवाई नहीं होने पर निगम के गेट पर अनशन की चेतावनी दी थी। कार्रवाई नहीं होने पर बुधवार को वह निगम के गेट पर अनशन पर बैठ गईं।

खबर एक नजर...

31 अक्टूबर को गुजरात के बन्नी के लिए पीएम मोदी से रिलीज कराने की तैयारी

भोपाल। कूनो नेशनल पार्क से गुजरात के बन्नी घास मैदान में 6 चीतों को भेजने की तैयारी अंतिम चरण में है। वन विभाग के स्तर पर दोनों जगह जरूरी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। चीतों को 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर बन्नी में छोड़े जाने की संभावना है। हालांकि तारीख अभी आधिकारिक रूप से तय नहीं हुई है। चर्चा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों चीतों को बन्नी में छोड़ा जा सकता है। 20 सितंबर को कूनो से एक मादा चीता गांधीसागर में छोड़ी जा चुकी है। अब बन्नी के लिए प्रस्तावित 6 चीतों में कूनो में जन्मे दो नर, बोत्सवाना से लाया गया एक नर और तीन मादा चीते शामिल किए जाने की जानकारी है। बन्नी के लिए केन्या से नए चीते लाने का विकल्प भी चर्चा में है। यदि केन्या से चीते लाने की प्रक्रिया आगे बढ़ती है तो कूनो से भेजे जाने वाले चीतों की संख्या या चयन में बदलाव हो सकता है। मई में चार केन्याई चीतों के संभावित आगमन की जानकारी सामने आई थी।

चोरी का शक, जूनियर्स के हाथों में रखे जलते अंगारे

मंडला। मंडला के पाठा सिहोरा स्थित राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह सरकारी छात्रावास में 6वीं कक्षा के 3 जूनियर छात्रों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि 7वीं-8वीं के करीब 9 सीनियर छात्रों ने उन्हें रात में सोते समय उठाया और पैसे चोरी करने के शक में बेल्ट से पीटा। इसके बाद बच्चों के हाथों में जलते अंगारे रखे गए। घटना सोमवार 21 सितंबर की बताई जा रही है। बच्चों के हाथ झुलस गए और छाले पड़ गए। गुरुवार को परिजन के मीडिया से बातचीत करने के बाद मामला सामने आया। एक बच्चे ने बताया कि उसे रात करीब 2 बजे उठाया गया था। सीनियर छात्रों ने चोरी का आरोप लगाकर उसकी पिटाई की। इसके बाद कहा कि जिसने चोरी नहीं की होगी, उसके हाथ नहीं जलेंगे और उसके हाथ में जलता हुआ अंगारा रख दिया। बच्चे के मुताबिक, सीनियर्स ने उसे छत से फेंकने और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बारे में किसी को बताने से मना किया गया था।

गणेशोत्सव पर कांतारा और नानी बाई का मायरा

बड़वानी। बड़वानी में गुरुवार रात गणेशोत्सव के दौरान शहर के विभिन्न गणेश पंडालों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। झंडा चौक स्थित ऐतिहासिक नाभि केंद्र में ह्यबड़वानी धरोहरह्ल के मंच पर ह्यकांताराह्ल फिल्म की कहानी पर आधारित आकर्षक प्रस्तुति दी गई। वहीं पाला बाजार स्थित मां कालिका माता मंदिर परिसर में मां कालिका मित्र मंडल ने संगीतमय ह्यनानी बाई का मायराह्ल प्रस्तुत किया। दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बड़वानी धरोहर के मंच पर कलाकारों ने कांतारा की कहानी को नृत्य, अभिनय और संगीत के जरिए दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में लोक परंपरा, आस्था, प्रकृति और संघर्ष से जुड़े प्रसंगों को दिखाया गया। कलाकारों ने अलग-अलग किरदार निभाकर कहानी के प्रमुख दृश्यों को मंच पर जीवंत किया। कलाकारों के नृत्य, अभिनय, वेशभूषा और संवाद ने प्रस्तुति को आकर्षक बनाया। कहानी के भावुक और रोमांचक प्रसंगों के दौरान दर्शक भी प्रस्तुति से जुड़े रहे। प्रस्तुति पूरी होने के बाद पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा।

पुरानी रंजिश पर कार से बाइक को टक्कर मारी

मुरैना। मुरैना शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के इस्लामपुरा में गुरुवार रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पहले दोनों पक्षों के बीच मारपीट और पथराव हुआ। इसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने दोनों ओर से क्रॉस केस दर्ज किया। आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद एक पक्ष के तीन लोग बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोतवाली थाने के सामने एमएस रोड पर पहले से कार में घात लगाकर बैठे लोगों ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। तीनों के सड़क पर गिरते ही आरोपियों ने बेसबॉल के डंडों और लाठियों से हमला कर दिया। घटना में तीनों घायल हो गए।

शराब दुकान के पास युवक पर चाकू से हमला

सतना। सतना के कोलगवां थाना क्षेत्र की नईबस्ती में गुरुवार रात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। वार्ड क्रमांक-15 की शराब दुकान के पास हुई घटना में रावेन्द्र सिंह उर्फ छोटू घायल हो गया। उसके कमर और दोनों पैरों में चाकू के वार लगे हैं। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रावेन्द्र हनुमान नगर का रहने वाला है। परिजनों के मुताबिक, वह रात करीब 10 बजे बाइक से बाजार से अपने घर लौट रहा था। शराब दुकान के पास चार-पांच लोग खड़े थे। आरोप है कि उन्होंने रावेन्द्र से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से मना करने पर विवाद हुआ और लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपियों ने रावेन्द्र पर चाकू से तीन वार किए। चाकू के वार कमर और दोनों पैरों में लगने से वह घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

एमपी में आज से दौड़ेंगी 351 बसें, किराया 2 रुपए/किमी

भोपाल, इंदौर समेत 7 शहरों में सुगम परिवहन सेवा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में शुक्रवार से सुगम परिवहन सेवा शुरू होगी। भोपाल, इंदौर समेत 7 शहरों में कुल 351 बसें चलेंगी। परिवहन विभाग ने इंटरसिटी सेवा के लिए 2 रुपए प्रति किलोमीटर किराया तय किया है।





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शुक्रवार को भोपाल के बीएचईएल दशहरा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बसों को हरी झंडी दिखाएंगे।

सेवा शुरू होने से पहले गुरुवार शाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीएचईएल दशहरा मैदान पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मंच, सभा स्थल और अन्य व्यवस्थाएं देखीं। इसके बाद बसों का निरीक्षण भी किया और ड्राइवरों से बातचीत की। इस दौरान परिवहन सचिव मनीष सिंह मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 21 साल बाद प्रदेश में लोक परिवहन बस सेवा फिर शुरू होना ऐतिहासिक निर्णय है। आधुनिक ई-बसों और सुविधायुक्त बसों का नेटवर्क चरणबद्ध तरीके से नगरों और जिलों तक पहुंचाया जाएगा। इसके तहत बस स्टॉप, बस स्टैंड, इलेक्ट्रॉनिक सुविधाओं और बेहतर कंट्रोलिंग व्यवस्था विकसित की जाएगी।

कार्यक्रम की जिम्मेदारी नगर निगम को दी गई है। नगर निगम की ओर से छपवाए गए पहले आमंत्रण पत्र में पीडब्ल्यू मंत्री राकेश सिंह, मंत्री विश्वास सारंग और राज्य मंत्री कृष्णा गौर के नाम नहीं थे।

एक विभाग के अंडर में आएंगी बसें

सुगम परिवहन सेवा के तहत अलग-अलग बस एजेंसियों की सेवाओं को एक व्यवस्था के तहत लाया जाएगा। भोपाल में भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड के साथ पीएम बस सेवा का संचालन किया जा रहा है। इसी तरह इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन समेत अन्य शहरों में भी बस सेवाएं एक विभाग के अंडर में होंगी।

बसों को एकरूपता देने के लिए एक ही रंग में पेंट या स्टीकर लगाने का काम किया गया है। सोशल मीडिया पर इससे जुड़े फोटो और वीडियो सामने आने के बाद अधिकारियों ने बताया कि संबंधित बस एजेंसियों ने ही यह काम किया है। सुगम परिवहन सेवा में ईजी मायट्रिप की सहायक कंपनी ईएमटीईवी/ईजी ग्रीनमोबिलिटी की बसें भी शामिल हैं। कंपनी की 12 मीटर इलेक्ट्रिक सीटर बस को लंबी दूरी के सार्वजनिक परिवहन के लिए तैयार किया गया है।

जुआ खेलने के आरोप में पकड़े अधेड़ की मौत:हंगामे के बाद 8 पुलिसकर्मी लाइन अटैच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दमोह

दमोह जिले के हिनौता गांव में गुरुवार रात जुआ पकड़ने पहुंची पुलिस की कार्रवाई के दौरान शिव सिंह लोधी (46) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद हिंडोरिया अस्पताल में परिजनों और ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही एसपी आनंद कलादगी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। इसके बाद कार्रवाई के लिए गई टीम के आठ पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया गया। परिजन का आरोप है कि पुलिस ने कस्टडी में उनके साथ बुरी तरह मारपीट की। बाद में उन्हें फोन कर बताया गया कि पिता की तबीयत खराब है, लेकिन जब वे अस्पताल पहुंचे तो उनकी मौत हो चुकी थी। बेटे ने यह भी साफ किया कि हालांकि उसके पिता हार्ट पेशेंट थे और उन्हें स्टंट (छल्ले) डले थे, लेकिन उनकी मौत बीमारी से नहीं बल्कि पुलिस की पिटाई से हुई है। मृतक के भतीजे जय सिंह लोधी ने बताया कि गुरुवार रात बांदकपुर के एएसआई राजेंद्र मिश्रा का फोन आया था। उन्होंने बताया कि उनके चाचा की तबीयत खराब है और उन्हें हिंडोरिया अस्पताल ले जाया गया है। जय सिंह से चाचा के कपड़े लाने के लिए भी कहा गया। जय सिंह जब अस्पताल पहुंचे तो शिव सिंह मृत हालत में एक हॉल में रखे मिले। जय सिंह के मुताबिक, पुलिस ने पहले बताया था कि उनकी हालत गंभीर है और इलाज की जरूरत है। परिजन इसी जानकारी के आधार पर अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन वहां उन्हें शिव सिंह का शव मिला।



गणेश विसर्जन रथ सजा, नगरनिगम की व्यापक तैयारियां



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर मे शिप्रा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए अनंत चौदस पर प्रशासन ने व्यापक व्यवस्था की है। तडके से नगरनिगम का अमला सक्रीय रहा। हीरामिल कुण्ड के पास गणेश प्रतिमा कलेक्शन सेंटर पर निगम के अधिकारी व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। कुछ श्रद्धालु गणेश प्रतिमा ससम्मान कलेक्शन सेंटर पर सौंपते नजर आए। यहां निगम का विसर्जन रथ और क्रेन भी सुसज्जित खडे थे।

असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के कंठाल क्षेत्र में नाली निर्माण के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा विवाद खड़ा कर एक रहवासी का रास्ता बाधित करने का मामला सामने आया है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद दबंगों ने रहवासी के सुखाधिकार वाले रास्ते में ईंटें रखकर रास्ता रोक दिया है और उसे अपनी ही दीवार में दरवाजा बनाने से रोका जा रहा है।



पूर्व में प्रशासन ने कंठाल स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर को हटाकर मूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए सामने 'राजा बाबा लगेज' पर रखवाया था। आरोप है कि 4 सितंबर को शिव लश्करी, आर्यन मोर, मनीष गुप्ता, मनोहर खंडेलवाल (कचौरी समोसे वाला) और सुनील गुप्ता ने बलपूर्वक मूर्ति को पुनः नाली पर स्थापित कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना रहा और इन लोगों ने बीच बाजार कुर्सी लगाकर नाली निर्माण करने आए मजदूरों को भी वहां से भगा दिया। आरोप है कि यह कृत्य केवल नेतागिरी चमकाने और 5 बाय 5 फीट जमीन हथियाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह साम्पत्तिक विवाद, प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस.ए. 144/2025 के तहत उज्जैन न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें मनीष गुप्ता वादी और अरविन्द प्रतिवादी हैं। न्यायालय में मामला चलने के बावजूद इन तत्वों द्वारा पुलिस और न्यायपालिका की परवाह किए बिना रास्ते में अवरोध पैदा किया जा रहा है। पीड़ित रहवासी के पास अपनी संपत्ति के संपूर्ण वैध दस्तावेज मौजूद हैं। रहवासियों का कहना है कि मौके पर 15 मीटर की सही नपती की जाए, तो केवल 8 इंच की दीवार बचती है। प्रशासन से मांग की गई है कि मौके पर निष्पक्ष नपती करवाकर ही नाली का निर्माण शुरू किया जाए। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द हस्तक्षेप कर इन तत्वों पर कार्रवाई नहीं की और वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं की, तो आगामी समय में विवाद गंभीर रूप ले सकता है और अन्य लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

पेयजल संकट की आहट, गंभीर बांध में अभी से नर्मदा का जल छोड़ने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इस वर्ष कम वर्षा के कारण उज्जैन और आसपास के जिलों में संभावित पेयजल संकट गहराने की आशंका है। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र सांखला ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने शहर में पेयजल आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के लिए नर्मदा-क्षिप्रा लिंक परियोजना के माध्यम से गंभीर बांध में अभी से पर्याप्त जल स्टॉक करने की मांग की है।

सांखला ने कहा कि समस्या उत्पन्न होने के बाद प्रबंधन करने से बेहतर है कि समय रहते समाधान किया जाए। पुराने अनुभव बताते हैं कि शहर में जल संकट का मुख्य कारण कम वर्षा और गंभीर बांध में पानी की कमी ही रहा है। वर्तमान में उज्जैन में सिंहस्थ की तैयारियों के साथ कई निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। यदि जल संकट गहराता है तो स्थानीय नागरिकों के अलावा लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भारी परेशानी होगी। इसलिए जल कनेक्टिविटी के माध्यम से गंभीर बांध को तत्काल भरना शुरू किया जाना चाहिए।

जल संकट को विकराल होने से रोकने के लिए सांखला ने नगर निगम, जल संसाधन विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संयुक्त रूप से एडवाइजरी जारी करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि गंभीर नदी के पेयजल प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए बांध से सिंचाई के लिए जल उपयोग को सीमित किया जाना चाहिए। किसानों से भी आग्रह किया गया है कि वे फसलों की सिंचाई के लिए कुओं और ट्यूबवेल का उपयोग करें, ताकि गंभीर बांध का पूरा पानी पीने के लिए सुरक्षित रखा जा सके।

अकीदत से मनेगा शहंशाहे मालवा का 673वां उर्स

उज्जैन। शहंशाहे मालवा हजरत मौलाना मुगीसउद्दीन चिश्ती मौज रहमतुल्लाह अलैह का 673वां उर्स अकीदत और धूमधाम के साथ 28 सितंबर से मनाया जाएगा। चार दिवसीय इस उर्स में फातिहा, संदल, चादर पेश करने के साथ ही लंगर और कव्वाली के शानदार आयोजन होंगे। वक्फ इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष हाजी मो. नूर भय्यु भाई ने बताया कि उर्स की शुरूआत 28 सितंबर सोमवार को नमाजे असर के बाद अलम पेश कर होगी। इस दौरान दरूद शरीफ का दौर चलेगा और नमाजे ईशा के बाद गुस्ल व संदल पेश किया जाएगा। 29 सितंबर मंगलवार को नमाजे असर के बाद कुरानख्वानी होगी तथा इंतजामिया कमेटी की ओर से चादर पेश की जाएगी। साथ ही 17वीं कमेटी की ओर से लंगरे आम होगा। ईशा की नमाज के बाद महफिले मिलाद और मौलाना मौज खिदमत कमेटी द्वारा लंगर का आयोजन किया जाएगा। 30 सितंबर बुधवार को नमाजे जौहर के बाद छठी कमेटी की ओर से अरजानीशाह दूल्हा से चादर पेश की जाएगी और लंगरे आम होगा।

उपभोक्ता फोरम ने सुनाया एकतरफा फैसला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

सालाना महज 684.9 यूनिट बिजली खपत के दावे के साथ बेचा गया एसी हकीकत में 4.21 गुना ज्यादा बिजली खींचने लगा। लगातार शिकायतों के बावजूद जब ई-कॉमर्स कंपनी ने न तो उपकरण सुधारा और न ही बदला, तो मामला उपभोक्ता आयोग पहुंच गया। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने फ्लिपकार्ट समेत 4 कंपनियों को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए पीड़ित के पक्ष में कड़ा फैसला सुनाया है।

गुना निवासी शिकायतकर्ता ने मई 2025 में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट से 19,990 में 'मार्क 1 टन 3 स्टार स्प्लिट इनवर्टर एसी' खरीदा था। कंपनी ने इसके विज्ञापन में दावा किया था कि यह सालभर में केवल 684.9 यूनिट बिजली खाएगा। लेकिन घर में लगाने के कुछ ही दिनों बाद बिजली की भारी खपत होने लगी। जब विद्युत मापक यंत्र से जांच कराई गई तो सामने आया कि एसी प्रति घंटे 1.8 यूनिट बिजली खींच रहा था। इस हिसाब से अगर एसी रोजाना 12 घंटे चलाया जाए, तो महीने में ही करीब 432 यूनिट खपत हो जाती। पीड़ित ने फ्लिपकार्ट के डिजिटल माध्यम (पोर्टल) पर 15 से ज्यादा शिकायतें दर्ज कराईं। लगभग 10 बार कंपनी के प्राविधिक (तकनीशियन) जांच करने घर पहुंचे। पड़ताल में सामने आया कि एसी महज 15-20 मिनट चलता था और मुख्य पुर्जे (कंप्रेसर) में खराबी के कारण घर का स्वचालित बिजली नियंत्रक (एमसीबी) गिर जाता था। कंपनी ने एक बार एसी बदला भी, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। इसके बाद कंपनियों ने ग्राहक की शिकायतों पर ध्यान देना ही बंद कर दिया।

भादों में पतझड़:एक किमी में लगे सागौन के सैकड़ों पेड़ों के पत्तों को इल्लियों ने किया छलनी

खंडवा। भादो के महीने में खंडवा के पुनासा वन क्षेत्र में पतझड़ जैसी स्थिति बन गई है। खंडवा-भोपाल मार्ग पर मूंदी के पास करीब एक किलोमीटर क्षेत्र में सागौन के पेड़ सूख चुके हैं। इल्लियां पत्तियों को तेजी से चट कर रही हैं। तितली विशेषज्ञ धर्मेंद्र पारे के अनुसार, इसे 'टीक डिफोलिएटर' (सागौन का पत्ता छेदक) कीट कहा जाता है। यह इल्ली पत्ते की नसों का ढांचा छोड़कर बाकी हिस्सा खा जाती है, जिससे पत्ते जालीदार हो जाते हैं। ज्यादा प्रकोप होने पर पूरा पेड़ पत्ता-विहीन हो जाता है। पेड़ और लकड़ी पर असः प्रकाश संश्लेषण बंद हो जाता है। पत्तियां न रहने से पेड़ भोजन नहीं बना पाते। पोषण न मिलने से लकड़ी की मजबूती घट जाती है। पेड़ का विकास धीमा पड़ जाता है और वह कमजोर होने लगता है। एसएन कॉलेज के प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक केशरे के मुताबिक, यह बीटल्स या सॉफ्लाई के लार्वा का हमला हो सकता है। बारिश के मौसम में सीमित संख्या में यह सामान्य समस्या है। आगामी मौसम में नई पत्तियां आ जाएंगी।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों में लानी होगी तेजी, अब सिर्फ 500 दिन बचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी 2028 के सिंहस्थ आयोजन में अब लगभग 500 दिन का समय ही शेष बचा है। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए सिंहस्थ क्षेत्र की व्यवस्थाओं और तैयारियों की गति बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।

सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर वासुदेव नातू ने अपना अनुभव साझा करते हुए ये बातें कही हैं। उज्जैन में जन्मे और पले-बढ़े नातू एक नागरिक के रूप में अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए शांतिपूर्ण और सकुशल आयोजन के लिए सुझाव दे रहे हैं। दिवाकर वासुदेव नातू ने बताया कि उन्होंने 1980, 1992, 2004 और 2016 के सिंहस्थ को काफी करीब से देखा है। बढ़ती हुई भीड़ के कारण प्रदूषण बढ़ने की आशंका रहती है, इसलिए जल, शौचालय और साफ-



सफाई की व्यवस्था पर शुरूआत से ही ध्यान देना जरूरी है। इसके साथ ही आपातकालीन स्थितियों के लिए एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा, बिजली और पशु विचरण पर नियंत्रण को प्राथमिकता में रखना होगा। बाहर से आने वाले भक्तों को भटकना न पड़े, इसके लिए पूरे क्षेत्र में पर्याप्त दिशा संकेतक लगाए जाने चाहिए और भीड़ नियंत्रण की ठोस योजना बनाई जानी चाहिए।

इसी प्रकार धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ साधु-संतों की सेवा के लिए उचित स्थान का निर्धारण किया जाना चाहिए। विगत सिंहस्थ की तरह इस बार भी व्यवस्थाओं में एनसीसी, एनएसएस और स्काउट गाइड जैसी संस्थाओं के स्वयंसेवकों को सहायक के रूप में शामिल करने पर विचार किया जाना आवश्यक है। साधु-संतों का अपने क्षेत्र से रामघाट पर क्षिप्रा स्नान करने के लिए जाने का मार्ग भी सुगम होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन के ही निवासी हैं और वे व्यवस्थाओं पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं, लेकिन समय की कमी को देखते हुए अधिक मेहनत की आवश्यकता है। जानकारी के अनुसार मार्च, अप्रैल और मई माह में स्नान की तिथियां आएंगी। समय की पाबंदी और भूमिगत जल में वृद्धि करना सभी के हाथ में है और यह प्रयास अवश्य किया जाना चाहिए।

Akme Fintrade (India) Ltd.
Branch:- Head Office: Akme Business Center (ABC), 4-5, Subcity Centre, Savina Circle, Opp. Krishi Upaz Mandi, Udaipur-313001 (Raj.), Ph.:- 0294-2489501-02, Email:- bc@akmefintrade.com

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अधीन निविदा द्वारा सार्वजनिक विक्रय सूचना

चूंकि निम्न ऋणी/जमानती को उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत उनके सामने अंकित बकाया राशि की वसूली के हेतु नोटिस जारी किये गये थे। तत्पश्चात् अधोपदनामित द्वारा जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न ऋणियों/जमानती की बंधक सम्पत्ति को कब्जे में लेकर "जैसी हैं-जहाँ है", "जैसी है-जो भी हैं" तथा "जो कुछ भी हैं" के आधार पर ऋण वसूली हेतु विक्रय के लिये निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

ऋणियों, सहऋणियों एवं जमानतियों के नाम ऋणी/जमानतदार:	मांग पत्र तिथि एवं बकाया राशि (रू.)	बंधक रखी गई सम्पत्तियों का विवरण	नीलामी तिथि, समय एवं स्थान	(अ) आरक्षित मूल्य एवं (ब) धरोहर राशि (रू.)
(1) श्री गिरिराज पाटीदार पुत्र श्री घासी राम पाटीदार (2) श्रीमती अवंति बाई पत्नी श्री गिरिराज पाटीदार, पता- हनुमान पाठी, भैंसोदा, तहसील नलखेडा, जिला अगर मालवा (म.प्र.)-465445 (3) श्री नरेन्द्र पाटीदार पुत्र श्री कैलाश पाटीदार, पता - मकान नं. 193, वार्ड नं. 07, हनुमान मोहल्ला, भैंसोदा, तहसील नलखेड़ा, जिला अगर मालवा (म.प्र.)-465445	10.08.2021 रूपये 1,53,36,375/- (अक्षरे रूपये एक करोड़ तिरेपन लाख छत्तीस हजार तीन सौ पिचहत्तर मात्र) दिनांक 03.08.2021 तक तथा इसके पश्चात् के ब्याज व अन्य खर्च अतिरिक्त।	डायवर्सन भूमि (परिवर्तित भूमि) एवं उस पर निर्माण खसरा क्रमांक 355, पटवारी हल्का क्रमांक -23, ग्राम भैंसोदा, तहसील नलखेड़ा, जिला आगर मालवा (म.प्रं.)-465445 में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 50,000 वर्गफीट है जो कि श्री गिरिराज पाटीदार पुत्र श्री घासी राम पाटीदार के नाम से है। चतुर्सीमाएं :- पूर्व- गिरिराज पटीदार की भूमि, पश्चिम - अवंति बाई पाटीदार की भूमि, उत्तर- रामकरण जी की भूमि, दक्षिण- कैलाश जी की भूमि।	दिनांक 03.11.2026 समय दोपहर 1.00 बजे एवं स्थान शाखा परिसर उदयपुर	(अ) आरक्षित मूल्य रू. 40,50,000/- (ब) धरोहर राशि रू. 4,05,000/-

नीलामी की शर्तें :- 1. उपरोक्त सम्पत्ति को उक्त अंकित आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जायेगा। इच्छुक निविदादाताओं को **एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड, उदयपुर** के पक्ष में देय पे-आर्डर/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में उक्त अंकित धरोहर राशि जमा करानी होगी। सफल बोलीदाता के मामले में कथित जमा राशि समायोजित कर ली जाएगी अन्यथा निविदा प्रक्रिया के पूर्ण होने पर वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 2. मुहरबंद निविदाएँ धरोहर राशि सहित सीलबंद लिफाफे में जिस पर उपरोक्त सम्पत्ति जिस हेतु निविदा दी गई है का विवरण लिखा हो, **प्राधिकृत अधिकारी, एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड, उदयपुर** को दिनांक 02.11.2026 (अंतिम तिथि) सायं 5.00 बजे तक जमा कराई जा सकती हैं। 3. अंतिम तिथि के बाद/बिना धरोहर राशि के/अधूरा/किसी भी प्रकार की शर्तों सहित होने पर निविदा अमान्य होगी, निविदाएँ दिनांक 03.11.2026 को प्राधिकृत अधिकारी एवं उपस्थित निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में दोपहर 1.00 बजे विचारार्थ खोली जाएगी तथा निविदाकर्ताओं के मध्य आपस में बोली बढ़ाने के लिए अवसर दिया जाएगा और अधिकतम बोली को स्वीकार किया जाएगा। 4. अनुसूचित सम्पत्ति का निरीक्षण सम्पत्ति स्थल पर किया जा सकता है। 5. सफल बोलीदाता को बोली छूटने के 24 घंटे के अन्दर बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि समायोजित करते हुए) जमा करानी होगी अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। क्रेता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीलामी पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के अन्दर या अधोपदनामित के स्वविवेकानुसार दिए गये समय में शेष 75 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी अन्यथा जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। 6. प्राधिकृत अधिकारी सर्वोच्च ऑफर अथवा किसी/समस्त ऑफर को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है तथा वह बिना कारण बताए उसे अस्वीकार कर सकते हैं। 7. विधि अनुसार यथा प्रयोज्य हस्तान्तरण खर्च जैसे-स्टाम्प शुल्क पंजीकरण फीस इत्यादि हेतु देय प्रभार/शुल्क सफल बोलीदाता वहन करेगा। 8. सम्पत्ति "जैसी है-जहां है, "जैसी है-जो भी है" तथा "जो कुछ भी हैं" के आधार पर बेची जाएगी तथा अधोपदनामित के ज्ञानानुसार सम्पत्ति पर कोई बकाया नहीं है फिर भी यदि कोई बकाया होता है तो निविदाकार/खरीददार को जमा कराना होगा। 9. प्रति बोली बढ़ोतरी राशि रूपये 10,000/- या इसके गुणक में होगी। 10. बिक्री अधीन सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार के प्रभार, लियन, भारग्रसता, सम्पत्ति कर अथवा सरकार व किसी अन्य को देय कोई प्रभार के लिये प्राधिकृत अधिकारी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जायेगा। 10. बिक्री प्रमाण-पत्र निविदाकार के नाम से ही दिया जाएगा। 11. उक्त सम्पत्ति के लिए इच्छुक क्रेता नहीं आने पर या बोली स्वीकार नहीं करने के कारण सम्पत्ति को नियम 8(5) में वर्णित अन्य शक्तियों का उपयोग करते हुए बेचा जा सकेगा। 12. यह प्रकाशन उपरोक्त सभी ऋणियों/जमानतदारों को 30 दिन का विक्रय नोटिस भी है।

नोटः- एतद् द्वारा ऋणियों और जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि यदि आपके पास कोई उचित मूल्य देने वाले क्रेता उपलब्ध हो तो निविदा तिथि तक प्राधिकृत अधिकारी को सम्पर्क करें और सम्पत्ति उचित मूल्य पर शांतिपूर्वक विक्रय में सकारात्मक सहयोग देवें।

दिनांक : 24.09.2026, स्थान : उदयपुर

प्राधिकृत अधिकारी, एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड

अनुपम बोले- गोविंदा अपने आसपास के माहौल से परेशान



बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड और पत्नी सुनीता आहूजा के साथ जारी अनबन की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। अब अभिनेता अनुपम खेर ने गोविंदा की निजी जिंदगी पर प्रतिक्रिया दी है। फरीदून शहरयार को दिए इंटरव्यू में अनुपम खेर ने कहा कि गोविंदा बेहतरीन एक्टर हैं, लेकिन उन्हें अपनी निजी जिंदगी और आदतों को काम पर हावी नहीं होने देना चाहिए।

दरअसल हाल ही में वे कोमल रानी स्वर्णकार के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे थे, जबकि उनकी पत्नी सुनीता उसी दिन अकेली पहुंची थीं। अनुपम ने कहा कि गोविंदा को अपनी आदतों या निजी परेशानियों को अपनी पूरी जिंदगी और काम पर हावी होने की इजाजत नहीं देनी चाहिए।

अनुपम ने बताया कि वे गोविंदा पर कोई फैसला या टिप्पणी करने वाले व्यक्ति नहीं हैं और गोविंदा अपनी जिंदगी को बेहतर समझते हैं। उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने गोविंदा को फोन किया था, लेकिन उन्होंने वापस कॉल करने की बात कही। अनुपम उन्हें सिर्फ यह कहना चाहते थे कि यह मुश्किल दौर भी बीत जाएगा। अनुपम के मुताबिक, हर किसी की जिंदगी में परेशानियां आती हैं। गोविंदा अपने आसपास के माहौल और परिस्थितियों से थोड़े परेशान जरूर हैं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी है और वापसी की पूरी उम्मीद है। अनुपम खेर ने गोविंदा के काम की तारीफ करते हुए कहा कि वे उन सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं, जिनके साथ उन्होंने काम किया है। दोनों ने साथ में 10 से 12 फिल्मों में काम किया है। अनुपम के मुताबिक, इम्प्रोवाइजेशन, एक्टिंग और डांस के मामले में गोविंदा का मुकाबला कोई नहीं कर सकता। गोविंदा की पर्सनल लाइफ पिछले कुछ समय से लगातार सुर्खियों में है। हाल ही में गणेशोत्सव के दौरान मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा पंडाल में गोविंदा अपनी को-स्टार कोमल रानी स्वर्णकार के साथ गणपति के दर्शन करने पहुंचे थे। वहीं, उसी दिन उनसे पहले उनकी पत्नी सुनीता आहूजा अकेले ही दर्शन के लिए पहुंची थीं। दोनों के अलग-अलग पहुंचने और कोमल के साथ दिखने के बाद से उनके रिश्ते और कथित अफेयर को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं।

लव एंड वॉर से रणबीर कपूर का पहला लुक जारी

फिल्म लव एंड वॉर से रणबीर कपूर का पहला लुक बुधवार को सामने आया है। पोस्टर में रणबीर का इंटेंस और रॉ अंदाज नजर आ रहा है। रणबीर मोटी मूंछों, खून के दाग वाली शर्ट और गॉगल्स में दिखाई दे रहे हैं। उनका लुक किरदार के रफ और मजबूत अंदाज की झलक देता है।

शर्ट पर खून के दाग फिल्म की डार्क और एक्शन से भरपूर कहानी की ओर इशारा करते हैं। वहीं, गॉगल्स उनके किरदार को स्टाइलिश लुक दे रहे हैं।

मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, वो रुतबा, वो रौब, वो जुनून! संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर 21 जनवरी 2027 को। फिल्मों में मिलते हैं! पोस्टर में रणबीर का यह अवतार उनके अब तक के किरदारों से काफी अलग नजर आ रहा है। फिल्म में रणबीर के साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल भी नजर आएंगे।

लव एंड वॉर दुनियाभर में 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज की जाएगी। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है।

लव एंड वॉर की रिलीज डेट कई बार बदली

संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर की रिलीज डेट अब तक कई बार बदली जा चुकी है। सबसे पहले इसकी रिलीज की घोषणा जनवरी 2024 में हुई थी। उस समय फिल्म को क्रिसमस 2025 पर रिलीज करने की योजना थी। बड़े स्तर पर हो रही शूटिंग और प्रोडक्शन में ज्यादा समय लगने के कारण रिलीज को आगे बढ़ाया गया। इसके बाद मार्च 2026 में फिल्म रिलीज होने की बात सामने आई। इस बीच 14 अगस्त 2026 की रिलीज डेट की भी चर्चा हुई थी। हालांकि, फिल्म का काम तय समय में पूरा नहीं हो सका। खास तौर पर बड़े वीएफएक्स और हवाई एक्शन सीन्स के कारण समय बढ़ा। इसके बाद मेकर्स ने फिल्म की नई रिलीज डेट तय की। 21 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज तय की गई है।



भंसाली के साथ विक्की की पहली फिल्म

संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल पहली बार एक साथ नजर आएंगे। हालांकि, रणबीर और आलिया इससे पहले भी भंसाली के साथ काम कर चुके हैं। रणबीर कपूर ने भंसाली के निर्देशन में सांवरिया (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके साथ सोनम कपूर भी मुख्य भूमिका में थीं। आलिया भट्ट ने भंसाली के साथ पहली बार गंगूबाई काठियावाड़ी (2022) में काम किया। फिल्म में उन्होंने गंगूबाई का किरदार निभाया था। इस भूमिका के लिए आलिया को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान मिला था।

वहीं, विक्की कौशल ने लव एंड वॉर से पहले भंसाली के निर्देशन में कोई फिल्म नहीं की है। ऐसे में यह उनके लिए भंसाली के साथ पहली फिल्म है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ संजय लीला भंसाली सेट पर सीन को लेकर चर्चा करते नजर आए थे। फिल्म लव एंड वॉर जून 2026 में सेट पर हुए एक हादसे के बाद चर्चा में आ गई थी। 17 जून को मुंबई के फिल्मसिटी के पास रॉयल पंप स्टूडियो में 42 वर्षीय कारपेंटर चंद्रधारी सिंह यादव की करंट लगने से मौत हो गई थी। शुरूआती रिपोर्टों के मुताबिक, हादसा शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ था। हादसे के बाद भंसाली प्रोडक्शंस ने मृतक के परिवार को 40 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की थी। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने मुआवजा बढ़ाकर 50 लाख रुपए करने की मांग की थी। संगठन ने परिवार के बच्चों की पढ़ाई और मृतक की पत्नी को रोजगार देने की भी अपील की थी।

लालबागचा राजा के दरबार में पहुंचे आयुष्मान खुराना



गणेश उत्सव के दौरान मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा पंडाल में लगातार बॉलीवुड और फिल्म जगत की भी हस्तियां पहुंच रही हैं। बुधवार को गोविंदा के बेटे यशवर्धन और बेटी टीना ने भी गणपति बप्पा के दर्शन किए।

आज अनंत अंबानी ने भी लालबागचा राजा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। लालबागचा राजा के आधिकारिक कार्यक्रम के मुताबिक, 2026 में गणपति की स्थापना 14 सितंबर को हुई थी। 25 सितंबर को विसर्जन होगा।

संजय दत्त की चंकी पांडे से मुलाकात हुई


इससे पहले संजय दत्त पत्नी मान्यता दत्त के साथ लालबागचा राजा पहुंचे थे। दोनों ने साथ में पूजा की। इसी दौरान संजय दत्त की मुलाकात अभिनेता चंकी पांडे से भी हुई। चंकी अपनी बेटी अनन्या पांडे के साथ वहां पहुंचे थे। दोनों कलाकारों ने एक-दूसरे से मुलाकात की और कुछ देर बातचीत भी की।

संजय ने मान्यता के माथे पर तिलक लगाया

इस दौरान संजय दत्त ऑरेंज कुर्ते में नजर आए, जबकि मान्यता ने पिंक सूट पहना था। दोनों ने साथ में गणपति की पूजा की। दर्शन के दौरान संजय ने बप्पा के सामने सिर झुकाया और माथे पर तिलक लगाया।

संजय दत्त का एक वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में आया। इसमें वह अपने माथे पर तिलक लगाने के बाद मान्यता के माथे पर भी तिलक लगाते नजर आए।

अनुष्का शर्मा मोस्ट-फॉलोड एथलीट पार्टनर्स में शामिल



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने खेल जगत की सबसे लोकप्रिय और ज्यादा फॉलो की जाने वाली एथलीट पार्टनर्स (हअक्ष्र) की ग्लोबल लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। मीडिया पब्लिकेशन वैंटिक्स की जारी रिपोर्ट में अनुष्का शर्मा चौथे पायदान पर हैं। वे दुनिया की टॉप-5 एथलीट पार्टनर्स में शामिल होने वाली इकलौती भारतीय और क्रिकेट जगत से एकमात्र चेहरा हैं। इस ग्लोबल लिस्ट में किम कार्दशियन, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पत्नी जॉर्जिना रोड्रिगेज जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अनुष्का सिर्फ विराट की पार्टनर होने की वजह से नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान के दम पर इस लिस्ट में शामिल हुई हैं।


किम कार्दशियन टॉप पर टेलर स्विफ्ट दूसरे नंबर पर

वैंटिक्स की इस ग्लोबल रैंकिंग में फॉमूर्ला 1 रेसर लुईस हैमिल्टन की पार्टनर के तौर पर पहचानी जाने वाली किम कार्दशियन 343 मिलियन (34.3 करोड़) फॉलोअर्स के साथ पहले पायदान पर हैं। वहीं, अमेरिकन फुटबॉल स्टार ट्रैविस केल्स की पत्नी व मशहूर सिंगर टेलर स्विफ्ट 272 मिलियन (27.2 करोड़) फॉलोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। फुटबॉल लेजेंड क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पत्नी जॉर्जिना रोड्रिगेज 78.3 मिलियन फॉलोअर्स के साथ लिस्ट में तीसरे स्थान पर मौजूद हैं।


क्रिकेट जगत से इकलौता चेहरा बनीं अनुष्का

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। वहीं, ब्राजीलियाई फुटबॉलर विनिशियस जूनियर की पार्टनर वर्जीनिया फोन्सेका 56.5 मिलियन फॉलोअर्स के साथ पांचवें नंबर पर हैं। हालांकि इस सूची में फुटबॉल खिलाड़ियों की पत्नियों और

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...




रंग भरकर चित्र बनाओ



जोक्स

टीचरः कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्रः बनिए !
टीचरः वो कैसे ?
छात्रः क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

मास्टर जीः सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्रः किताब में
मास्टर जीः कैसे?
छात्रः क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है ??



वर्ग पहेली



बाएं से दाएं

1. दैत्य, असुर-3
3. रुकावट, बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
8. मूल, कंद-2
9. सलाह, मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद, हिंसा वाद-5
22. शराब, मदिरा-2
24. दुख, कष्ट-2
25. चेतना, ध्यान-2
27. सालन, रसा-3
28. श्राणेंद्रिय, इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व, प्राण तत्व-3

ऊपर से नीचे

1. खैरात, दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर, जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग, रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा, एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध, अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा, थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था, कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा, बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

माथा पच्ची

24		4		2		8	=	40
	■		■		■		■	
25		10		25		8	=	48
	■		■		■		■	
25		5		2		3	=	45
	■		■		■		■	
3		10		25		3	=	15
=	■	=	■	=	■	=	■	=
21		18		23		16	=	21 / 10

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

ग	दि	न	ल	वे	म	ज	व	न	र	क
र	बा	बु	ल	आ	बा	जी	द	इ	ल	ल
म	व	दे	पू	ह	जी	रम	न	क्ष	क	हो
म	ची	ब	श	ट	ज	प	म	पा	त	न
सा	त	ई	पा	में	व	खें	न	भ	कै	क्ष
ला	भे	म	सु	प	ज	र	न	ई	र	बु
श	ज	र्म	मे	ता	क	सा	या	म	ज	ल
क	क	ग	ए	सं	ज	प	र	ली	न	ए
वे	बो	र्न	य	त	थि	क	री	जि	प	क्ष
त	रा	जु	न	ज	बा	त्र	टा	न्दा	ता	प्रे
वे	बी	लो	नि	या	ल	र	न	रा	त	स

शब्दजाल में जॉन अब्राहम की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

बाबुल, काबुल एक्सप्रेस, जिन्दा, गरम मसाला, काल, कर्म, एतबार, साया, पाप, जिस्म.

अष्टयोग

7	5	6		4		1
	42		33	1	23	
1				3		2
2	25	3	34	7	39	6
		4			5	
	24	1	33		35	4
4	3		7	6	1	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

35	x	10	+	25	+	8	=	30
-	■	+	■	+	■	+	■	-
28	-	24	+	50	-	42	=	12
+	■	-	■	-	■	-	■	+
15	+	30	+	50	-	35	=	60
-	■	+	■	-	■	-	■	-
20	+	20	-	10	-	10	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
22	+	24	-	15	+	5	=	24 / 10

अष्टयोग का हल

1	2	3	4	5	6	7
6	22	1	30	2	38	4
2	3	4	5	6	7	1
7	30	2	38	3	33	6
3	4	5	6	7	1	2
5	39	7	43	4	25	5
4	5	6	7	1	2	3

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल-

सरल


			2				3	
		9		8		2	6	4
1				3	6		9	
4		3						
	8			2			1	
						8		6
	4		7	5				3
3	7	5		4		1		
	2				8			

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

वायनाड की बेकरी में प्रियंका गांधी की कुकिंग क्लास



कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को केरल के वायनाड दौरे पर थीं। इस दौरान उन्होंने पार्क की एक बेकिंग यूनिट में केक बनाया और कपकेक बनाने की कोशिश की। प्रियंका ने सिर पर हेयर नेट पहनकर केक पर आइसिंग की। इस दौरान वहां मौजूद शेफ और कर्मचारियों ने उन्हें बेकिंग के बारे में बताया। इस दौरान वे कल्लूर, नूलपुझा के राजीव गांधी मेमोरियल मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल भी गईं। जहां उन्होंने छात्रों के साथ ट्रेडीशनल डांस किया। प्रियंका ने बच्चों के सवालों के जवाब भी दिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि 12 साल की उम्र से उन्होंने और भाई राहुल गांधी ने घर पर रहकर पढ़ाई की। प्रियंका ने बताया कि दादी इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उन्होंने स्कूल जाना बंद कर दिया था। वे स्कूल की पढ़ाई पूरी होने तक घर पर ही पढ़ती रहीं।

इंदिरा गांधी की हत्या के बाद बदली जिंदगी

प्रियंका ने कहा, आपने इंदिरा गांधी के बारे में सुना है? वह मेरी दादी थीं। हम एक ही घर में रहते थे। वहीं उनकी हत्या कर दी गई। इसके बाद मैं स्कूल नहीं गई। प्रियंका ने बताया कि वह और राहुल गांधी अकेले घर पर पढ़ते थे। दोनों ज्यादा बाहर नहीं जा सकते थे और उनके ज्यादा दोस्त भी नहीं थे। प्रियंका ने छात्र से कहा कि वह बाहर जा पाती है, घूम पाती है और अपनी जिंदगी का आनंद ले पाती है, यह उसके लिए अच्छी बात है।

घर में काम करने वाली महिला को बताया रोल मॉडल

एक अन्य छात्र ने प्रियंका से उनके रोल मॉडल के बारे में पूछा। कांग्रेस सांसद ने बताया कि उनकी रोल मॉडल वह महिला हैं, जो उनके घर में तब से काम कर रही हैं, जब उनके बच्चे 3 महीने के थे। प्रियंका ने कहा कि वह महिला मजबूत हैं। उन्होंने कई मुश्किलों के बावजूद उनके घर में दिन-रात काम किया है। वे उनके बच्चों की मां की तरह देखभाल करती हैं और उन्हें प्यार देती हैं।

प्रियंका बोलीं- 7वीं के बाद पढ़ाई कमजोर हुई

प्रियंका ने बताया कि 7वीं क्लास तक वे अच्छी स्टूडेंट थीं। इसके बाद उनका पढ़ाई में प्रदर्शन कमजोर हो गया था। बाद में इसमें सुधार हुआ। छात्रों के सवालों के जवाब में उन्होंने अपने पसंदीदा विषय भी बताए। उन्होंने कहा कि उन्हें फिजिक्स, मैथ्स और बायोलॉजी पसंद था। प्रियंका ने कहा, मैं बायोलॉजी में अच्छी थी, लेकिन गणित में नहीं।

वायनाड में आदिवासी यूनिवर्सिटी का सपना

प्रियंका ने कहा कि केरल में कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार की पहलों में वायनाड में आदिवासी यूनिवर्सिटी बनाना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद आदिवासी बच्चों को अवसर देना और उनकी संस्कृति और विरासत को बचाए रखना है। प्रियंका ने कहा, हमारा सपना है कि इस यूनिवर्सिटी में दुनिया में उपलब्ध सबसे अच्छे अवसर मिलें। आप आधुनिक और बेहतरीन माहौल में पढ़ें। प्रियंका ने कहा कि यह एक अनोखी यूनिवर्सिटी होगी। इसमें आदिवासी समुदायों से भी शिक्षक आएंगे, इससे छात्र अपनी परंपराओं, भाषाओं और संस्कृतियों को समझ सकेंगे। वे उनका सम्मान करना और उनसे सीखना भी जानेंगे।




ट्रम्प का व्हाइट हाउस में चीनी राष्ट्रपति को स्टेट डिनर

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन के सम्मान में व्हाइट हाउस में स्टेट डिनर आयोजित किया। डिनर की शुरूआत पीले स्क्वैश से बने गाढ़े सूप से हुई। इसमें जंगली मशरूम, हरी जड़ी-बूटियां, कुरकुरे पैनसेटा और हरे प्याज वाला तेल डाला गया था। इसके बाद तिल की परत वाली सी-बास मछली परोसी गई। इसके साथ बोक चॉय, भुना बैंगन और हरी चटनी दी गई। बोक चॉय चीन में खाई जाने वाली सब्जी है, जो छोटी पत्तागोभी जैसी दिखती है। मिठाई में वनीला क्रीम, खट्टी चेरी और अखरोट से बनी मिठाई के साथ आइसक्रीम परोसी गई। आइसक्रीम में व्हाइट हाउस में तैयार किया गया शहद इस्तेमाल किया गया था। डिनर के दौरान ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और चीन की राजनीतिक व्यवस्थाएं अलग हैं, लेकिन दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते पहले से बेहतर हैं। ट्रम्प ने अपने बीजिंग दौरे को याद करते हुए कहा कि चीन में उनका जिस गर्मजोशी से स्वागत हुआ था, अब अमेरिका भी जिनपिंग को वैसा ही सम्मान देना चाहता है। इस दौरान ट्रम्प ने जिनपिंग को अमेरिका के राष्ट्रीय पक्षी बाल्ड ईगल का करीब 3 फीट ऊंचा स्टैच्यू भी तोहफे में दिया। उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की आजाद और ऊंची उड़ान भरने वाली भावना का प्रतीक है।

ओडिशा में बाढ़-लैंडस्लाइड, कई पुलों पर 4 फीट तक पानी; आंध्र प्रदेश में 4 की मौत

साइक्लोन के असर से राजस्थान सहित 11 राज्यों में बारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





बंगाल की खाड़ी से उठा साइक्लोन अर्नब अब कमजोर पड़ गया है। हालांकि, इसके असर से मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, असम समेत 11 राज्यों में बारिश हो रही है। छत्तीसगढ़ और ओडिशा में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट है।

ओडिशा में भारी बारिश, अचानक बाढ़ और लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ है। गुरुवार दोपहर तक 8,082 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। मलकानगिरी में ठल्-326 पर पोटेरू, कंगुरुकोंडा, कन्याश्रम और एमवी-90 के पुलों पर 3 से 5 फीट तक पानी भर गया। इससे मलकानगिरी-कालीमेला, मोटू और पड़िया के बीच सड़क सैकड़ों गाड़ियां फंस गईं। गंजाम-कंधमाल सीमा पर लगातार बारिश के कारण कलिंगा घाटी में भीषण लैंडस्लाइड हुई। इससे निमार्णाधीन सड़क का एक हिस्सा बह गया और हाल ही में बनाई गई सिक्योरिटी वॉल भी ढह गई। खतरे को देखते हुए राज्य के नबरंगपुर, कालाहांडी, गजपति, कोरापुट और रायगड़ा जिले में स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। इधर, आंध्र प्रदेश में भी भारी बारिश जारी है। विशाखापट्टनम में 24 घंटे में 28 सेमी बारिश हुई। इससे कई रिहायशी इलाकों में पानी भर गया। मधुरवाड़ा इलाके में रेकेन रेजिडेंसी अपार्टमेंट में पानी घुसने से कई लोग हिल्डिंग में फंस गए। पुलिस, फायर सर्विस और ठ्ठक्कर की टीमों ने लोगों को बाहर निकाल लिया। अनकापल्ली और बापटला में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 4 लोगों की मौत हुई है।

सागर समेत 16 जिलों में तेज पानी गिरेगा

मध्य प्रदेश के आधे हिस्से में शुक्रवार को तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इनमें जबलपुर समेत 13 जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, 16 जिलों में भारी बारिश होने का अनुमान है। यहां अगले 24 घंटे में 4 इंच से ज्यादा पानी गिर सकता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई के बीच प्रदेश में स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हुआ है। क्टऊ(मौसम केंद्र) के मुताबिक, शुक्रवार को टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, दमोह, उमरिया, जबलपुर, नरसिंहपुर, मंडला, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, भिंड, दतिया, निवाड़ी, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, कटनी, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल और पांढुर्णा में भारी बारिश होगी। इसके अलावा भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

स्टूडेंट की प्रोफेसर ने कॉलर पकड़ी, अहमदाबाद की यूनिवर्सिटी का मामला

प्रोफेसर ने धमकी दी, कहा- मैं किसी भी हद तक जा सकता हूं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

अहमदाबाद की निरमा यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर का छात्र का कॉलर पकड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक प्रोफेसर स्टेज पर कुछ बोलने जा रहे होते हैं। देरी होने पर एक स्टूडेंट चिल्लाकर कहता है, अरे जल्दी कर, सुबह पनवेल निकलना है। यह सुनते ही प्रोफेसर गुस्सा हो जाते हैं। वे स्टूडेंट को स्टेज पर बुलाते हैं, जैसे ही छात्र मंच पर चढ़ता है। प्रोफेसर सभी के सामने उसका कॉलर पकड़ लेते हैं। फिर धमकी देते हुए कहते हैं कि, मैं किसी भी हद तक जा सकता हूं। जिस दिन तुमने निरमा यूनिवर्सिटी कैंपस के किसी फैकल्टी सदस्य का अपमान करने की हिम्मत की, तुम हमेशा के लिए बाहर हो। यह घटना यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय टेक्नोफ्रा 2026 कार्यक्रम के दौरान हुई। हालांकि ये विवादित वीडियो किस दिन का है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई।



अब जानिए पूरा मामला क्या है

अहमदाबाद की निरमा यूनिवर्सिटी में 18 से 20 सितंबर के बीच ह्यटेक्नोफ्रा 2026ह्ल कार्यक्रम हुआ था। यह यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों का कार्यक्रम था। इसमें तकनीकी गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्टैंड-अप कॉमेडी शो भी हुआ था। यूनिवर्सिटी के मुताबिक कार्यक्रम में 800 से ज्यादा लोगों की मौजूदगी रही। स्टैंड-अप कॉमेडियन रजत सूद के शो के दौरान एक प्रोफेसर मंच पर मौजूद थे। इसी दौरान दर्शकों में बैठे एक छात्र ने कथित तौर पर फिल्म गोलमाल 3 से जुड़ा मशहूर डायलॉग जल्दी कर, पनवेल निकलना है चिल्ला दिया। रिपोर्टों में प्रोफेसर की पहचान डॉ. हिमांशु के पटेल के रूप में की गई है। यूनिवर्सिटी की वेबसाइट भी उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग विभाग का प्रमुख बताया गया है।

लेह हिंसा को लेकर कहा- गृहमंत्री इस्तीफा दें, हिंसा की जिम्मेदारी लें

वांगचुक बोले-सरकार के खिलाफ बोला, मेरा एनकाउंटर हो सकता है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने गुरुवार को आशंका जताई कि सरकार के खिलाफ बोलने की वजह से उन्हें किसी एनकाउंटर में मारा जा सकता है। इतना ही नहीं, उन्होंने पिछले साल लेह में हुई हिंसा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, वांगचुक ने यह बात लेह हिंसा की पहली बरसी पर हुए इवेंट में कहीं। दरअसल, पिछले साल सितंबर में लद्दाख में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन हुए थे।

वांगचुक ने न्यायिक जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की भी मांग की। रिपोर्ट जारी नहीं होने पर स्वतंत्र ह्यपीपुल्स ट्रिब्यूनलह्ल बनाकर पुलिस फायरिंग की जांच कराने की चेतावनी दी। वांगचुक ने कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिली हैं। उन्होंने कहा कि देश को जगाने में मदद मिले तो वह किसी भी नतीजे का सामना करने को तैयार हैं। वांगचुक ने पिछले साल के आंदोलन के दौरान हुई मौतों के लिए गृह मंत्री को राजनीतिक रूप से जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि इस घटना की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, आज लद्दाख से मैं कहता हूं कि अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए। लद्दाख में जो हुआ, उसकी जिम्मेदारी उन्हें लेनी होगी। वांगचुक ने आरोप लगाया कि सुरक्षा बलों ने स्थानीय युवाओं पर अङ-47 समेत स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल किया। बाद में इन्हीं युवाओं को राष्ट्र-विरोधी बताया गया।

राहुल गांधी के बयान का समर्थन किया

वांगचुक ने जंतर-मंतर पर छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमित शाह के इस्तीफे की मांग का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने लद्दाख के हालात पर राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाया। वांगचुक ने कहा, राहुल गांधी खड़े हुए और पूछा कि छात्रों पर ऐसे हथियारों का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है। उन्होंने अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। मैं इसका समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा, लेकिन अगर उन्होंने पहले अमित शाह के इस्तीफे की मांग की थी, तो लद्दाख में हुई घटना पर क्या? यहां एके-47 का इस्तेमाल हुआ और लोग मारे गए। गोलियां उनके सिर और सीने में लगीं।

राहुल गांधी बोले- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश ने वोट चोरी की

मैंने उनकी नियुक्ति का विरोध किया था, सरकार ने उन्हें कानून से ऊपर रखा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग, एसआईआर और वोटर लिस्ट से जुड़े विवादों पर गुरुवार को 55 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश ने वोट चोरी की है। वे देशद्रोही हैं। मैंने उनकी नियुक्ति का विरोध किया था, लेकिन सरकार ने मेरी बात नहीं मानी।

राहुल ने बताया, भारत में हर सरकार के खिलाफ एंटी-इनकंबेंसी होती है, इंदिरा गांधी बांग्लादेश युद्ध जीतने के बाद भी हारीं, फिर भाजपा के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ। इसकी वजह ज्ञानेश कुमार हैं। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में धांधली की। इससे मोदी-शाह के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी नहीं आई। राहुल ने 2025 में एसआईआर पर तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस की थीं। तब उन्होंने चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया था। उन्होंने आयोग को सरकार की इ टीम भी कहा था।



राहुल ने कहा जब मैं 7 साल का था, 1977 में इंदिरा गांधी पीएम थीं। हर कोई जानता था, खुद उनको भी पता की वह हार जाएंगी। महसूस हो जाता है कि आप हार जाएंगे। आपकी फीलिंग एक बार गलत हो सकती है, दो बार गलत नहीं हो सकती। दो-तीन चुनाव ऐसे थे जब हम टेक्निकली देख रहे थे। धीरे-धीरे वोट चोरी का शक बढ़ने लगा। फिर हम उस पर काम करने लगे।

राहुल ने बताया देश में वोट, कानून, संस्था और संविधान के बीच की कड़ी टूट गई है। सबको पता है कि सिस्टम डैमेज हो चुका है। लेकिन मोदी और शाह अपनी जांच थोड़ी करेंगे। पहले सिस्टम की रिपेयरिंग होगी, फिर जांच होगी।

राहुल गांधी ने कहा विपक्ष में इस बात को लेकर 100% एग्रीमेंट है कि वोट चोरी हो रही है। भाजपा के अंदर भी लोग कह रहे हैं। हम सभी विपक्षी पार्टियां मिलकर इसके खिलाफ काम करेंगे और संविधान की रक्षा करेंगे। भाजपा को पता है कि जेन-जी उन्हें वोट नहीं देना चाहते। वे उनके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। चुनाव आयोग का वोटर लिस्ट से कंट्रोल खत्म हो गया है। उसकी विश्वसनीयता खत्म हो गई है। वे भी इसे मान भी रहे हैं। और मुझे उनके बीच आपस की बातचीत की जानकारी है।

मुताबिक, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार लिखित आपत्ति दर्ज कराई। संधू और जोशी का आरोप है कि आयोग के कई फैसले और आदेश उनकी जानकारी के बिना लिए और जारी किए गए। उन्होंने कुछ कदमों को ह्यअनधिकृत और गैरकानूनी बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन सभी आपत्तियों की जानकारी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को दी गई थी। चार महीने बाद 9 सितंबर को तीनों चुनाव आयुक्तों की पूरी बैठक हुई। हालांकि इसमें किस मुद्दे पर चर्चा हुई, इसकी रिपोर्ट सामने नहीं आई। रक्कम में 13 करोड़ से ज्यादा नाम कटे, विवाद इसके तरीके पर: जून 2025 में बिहार से शुरू हुआ रक्कम अब 30 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों तक पहुंच चुका है। इस दौरान ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 13 करोड़ से ज्यादा नाम काटे गए।

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के

नेतन्याहू की यूएन स्पीच का 75 देशों ने बायकॉट किया

न्यूयॉर्क। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण दिया। जैसे ही वो मंच पर आए तो 75 देशों के प्रतिनिधि हूटिंग करके उनका विरोध करने लगे और बाहर जाने लगे। इस दौरान नेतन्याहू करीब 3 मिनट तक शांत रहे। फिर उन्होंने कहा, भाषण शुरू करने से पहले मैं कहना चाहता हूं कि अगर यहां कोई और कायर है तो बाहर चला जाए।

हालांकि, इस दौरान गैलरी नेतन्याहू के समर्थकों से भरी हुई थी। उन्होंने तालियां बजाकर राष्ट्रपति का स्वागत किया और अम यिसराइल चाई यानि इजराइल की जनता जिंदा है के नारे लगाए। नेतन्याहू ने अपने भाषण में गाजा, ईरान, लेबनान पर इजराइली कार्रवाई का जिक्र किया। ट्रम्प की तारीफ, न्यूयॉर्क मेयर ममदानी और यूरोप के नेताओं की आलोचना की। नेतन्याहू ने 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जिक्र करते हुए इजराइल की सैन्य कार्रवाई का बचाव किया। उन्होंने कहा कि हमास के आतंकियों ने जिस तरह इजराइलियों को मारा, वह बेहद भयावह था।

भाजपा ने बंगाल चुनाव में 287 करोड़ खर्च किए

5 राज्यों के चुनावी खर्च का आधे से ज्यादा बंगाल में; बाकी 4 राज्यों में 242 करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बीजेपी ने असम, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में कुल 529.38 करोड़ रुपए खर्च किए। इसमें सबसे ज्यादा 286.99 करोड़ रुपए पश्चिम बंगाल में खर्च हुए। बंगाल में पार्टी ने चुनाव प्रचार पर 217.16 करोड़ रुपए और उम्मीदवारों पर 69.83 करोड़ रुपए खर्च किए। बाकी 4 राज्यों में पार्टी ने 242 करोड़ रुपए खर्च किए। बीजेपी का बंगाल में खर्च कांग्रेस के पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में किए गए कुल 248.55 करोड़ रुपए के खर्च से ज्यादा रहा। CPI(M) का कुल खर्च 39.04 करोड़ रुपए रहा। इसका खुलासा चुनाव आयोग को सौंपी गई खर्च रिपोर्ट से हुआ है।

बंगाल में भाजपा ने 293 सीटों में से 207 सीटें जीतीं, जबकि टीएमसी को 80 सीटें मिलीं। कांग्रेस ने राज्य में 293 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ा और 2 सीटें जीतीं। कांग्रेस ने बंगाल में कुल 42.08 करोड़ रुपए खर्च किए। इसमें 12.96 करोड़ रुपए प्रचार और 29.12 करोड़ रुपए उम्मीदवारों से जुड़े खर्च पर लगाए गए।



बंगाल में 197 सीटों पर चुनाव लड़ा और एक सीट जीती। पार्टी ने चुनाव में 8.23 करोड़ रुपए खर्च किए। वहीं, ळटउ की चुनावी खर्च रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। केरल में कांग्रेस ने अपने मुख्यालय और राज्य इकाई के जरिए 105.34 करोड़ रुपए खर्च किए। वहीं बीजेपी का खर्च 82.67 करोड़ रुपए रहा। कांग्रेस ने केरल में प्रचार पर 71.30 करोड़ रुपए और उम्मीदवारों से जुड़े खर्च पर 34.05 करोड़ रुपए खर्च किए।

बीजेपी ने केरल में प्रचार पर 54.93 करोड़ रुपए और उम्मीदवारों पर 27.74 करोड़ रुपए खर्च किए। उढक्(ट) की राज्य इकाई ने 28.60 करोड़ रुपए खर्च किए, जिसमें 26.30 करोड़ रुपए प्रचार और 2.31 करोड़ रुपए उम्मीदवारों से जुड़े खर्च पर लगाए गए।

दिल्ली गैंगरेप के अन्य 2 आरोपी भी अरेस्ट

नई दिल्ली। दिल्ली के आस्था कुंज पार्क में 17 साल की नाबालिग से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने गुरुवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी पहले ही पकड़ा जा चुका था। आरोपियों की पहचान आसिफ, हेमंत और महेश के रूप में हुई है। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
ई- निविदा सूचना स्टोर विभाग
बिड नंबर: GEM/2026/B/8018556 **तारीख:** 22/09/2026 **कार्य का नाम:** इंडस्ट्रियल ग्रेड एम्बेडेड PC (फैन लेस) **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹82,83,600.00/- **बिड दस्तावेज की लागत:** ₹0 (शून्य) **बयाना राशि (EMD):** ₹1,65,672/-**समापन अवधि:** निविदा खुलने के बाद 45 दिनों के भीतर **बिड दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 12-10-2026,12:00:00 बजे **बिड खोलने की तिथि एवं समय:** 13-10-2026, 12:00:00 बजे **ऑफर की वैधता (दिन):** 90 दिन **वेबसाइट विवरण:** निविदा को Gem पोर्टल **https://gem.gov.in/** पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी Gem पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। V/0267
Like us on: facebook.com/WesternRly

इन्दौरात् खण्डीपर्यन्तं साप्ताहिकविशेष रेलयानस्य विस्तार:
इन्दौर-खण्डी इत्येतयो: मध्ये ⇌ विशेष रेलयानम्

रेलगाडया: क्रमाङ्क:	प्रारम्भस्थानम्	गन्तव्यस्थानम्	सेवाकाल:	विस्तार: (पर्यन्तम्)
09324	इन्दौरम्	खण्डी	बुधवासर	25/11/2026
09323	खण्डी	इन्दौरम्	गुरुवासर	26/11/2026

विस्तृतविवरणाय कृपया विराम: समयम् च स्थानेन सह यानानां समाहारं आगतं यथास्थानं वेबसाइट् www.enquiry.indianrail.gov.in इत्यत्र अवलोकयन्तु ।
विस्तारितस्य यात्राया: आरक्षणस्य बुकिङ्ग 09324 इति रेलगाडया: कृते सर्वत्र पीआरएस काउण्टर्स् तथा आयआरसिटिसी वेबसाइट् इत्यत्र उपलब्धम् । विशेष रेलयानस्य आरक्षणम् विशेषत: विशेष रेलयानस्य आरक्षणस्थले एव भविष्यति ।
पश्चिम रेलवे
www.indianrailways.gov.in
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial
हमान् अनुगच्छन्तु & अस्माकं अनुसरणं कुर्न्तु :
कृपया सर्वे आरक्षित टिकट् मूलं प्रामाणिकरुपेण धारयन्तु

■ वर्ष-12 अंक-322 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

सुखार्थिनः कुतोविद्या नास्ति विद्यार्थिनः सुखम्।
सुखार्थी वा त्यजेद् विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम्।।

भावार्थ : सुख की इच्छा हो तो दुःख न हो तो ज्ञान कहाँ से प्राप्त होता है और विद्यार्थी को सुख कहाँ से मिलता है? जो सुख चाहता है उसे सीखने की आशा छोड़ देनी चाहिए और विद्यार्थी सुख भोगता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 25 सितम्बर, 2026

अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम्।
सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः।।

भावार्थ : जो व्यक्ति अनेक शंकाओं को दूर करता है, परोक्ष वस्तु को दिखाता है, और सभी नेत्रों के शास्त्रों का अध्ययन नहीं किया है, वह आंख होते हुए भी अंधा है।

सम्पादकीयम्

आरम्भादेव स्पष्टताः

यदा केन्द्रसर्वकारेण जातिगणनायाः तिथयः घोषिताः तदा एतत् कार्यं आव्हानात्मकं भविष्यति इति स्पष्टम् आसीत्। भारतीयराजनीत्यां जातिः सर्वदा महत्त्वपूर्णं स्थानं धारयति चेदपि तस्य सम्यक निर्धारणं कठिनं सिद्धं भवितुम् अर्हति। यद्यपि जनगणनाप्रक्रिया आरब्धा, द्वितीयचरणस्य जातिगणना च निर्धारिता अस्ति तथापि प्रश्नाः उद्भवितुं आरब्धाः एव। काङ्ग्रेसस्य आक्षेपः- काङ्ग्रेसपक्षस्य आरोपः अस्ति यत् जातिगणनायां ओबीसी-जनानाम् कृते विशिष्टः स्तम्भः नास्ति। लोकसभायां विपक्षस्य नेता राहुलगान्धी, काङ्ग्रेसस्य अध्यक्षः मल्लिकार्जुनखर्गे च अपि आँकडासंग्रहणपद्धतेः विषये चिन्ताम् उक्तवन्तौ। तेषां आक्षेपः तस्मात् उद्भूतः यत् जातिस्तम्भः मुक्तान्तः अस्ति, यत्र व्यक्तिभिः स्वयमेव स्वजातिलेखनं करणीयम्। यतो हि देशस्य विभिन्नेषु भागेषु एकैव जातिः भिन्नभिन्ननाम्ना प्रसिद्धा अस्ति, तस्मात् परिणामी दत्तांशः भ्रमितः भवितुम् अर्हति स्म, येन सार्थकनिष्कर्षः अत्यन्तं कठिनः भवति स्म २०११ तमस्य वर्षस्य त्रुटिः एषा आशङ्का पूर्णतया निराकर्तुं न शक्यते। २०११ तमे वर्षे सामाजिक-आर्थिक-जाति-जनगणनायाः समये अपि एतादृशं प्रारूपं प्रयुक्तम्, यस्य परिणामेण ४६ लक्षं तः अधिकाः जातिः, उपजातिः, उपनाम च अभिलेखिताः तस्मिन् दत्तांशे एतावन्तः असङ्गतिः आसीत् यत् अन्ततः सर्वकारेण तत् न मुक्तुं निर्णयः कृतः। काङ्ग्रेस-पक्षस्य सुझावः अस्ति यत् व्यक्तिभ्यः त्यक्तुं न अपि तु पूर्वनिर्धारिता जाति-सूची भवितुमर्हति; एतेन एकजातिः एकरूपनाम्ना अभिलेखिता भवति इति सुनिश्चितं भविष्यति।

तेषां विरोधः सिन्धियां प्रति व्यक्तिगतरूपेण न कृतः

अपितु तस्य मुख्यातिथिकरणस्य निर्णयस्य विरुद्धं इति तेषां मतम् दावो आन्दोलनकारिभिः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई



तेषां विरोधः सिन्धियां प्रति व्यक्तिगतरूपेण न कृतः, अपितु तस्य मुख्यातिथिकरणस्य निर्णयस्य विरुद्धं इति तेषां मतम्। एषः दावो आन्दोलनकारिभिः कृतः। केचन मीडिया-समाचाराः अपि एतस्य घटनायाः स्थानीयनेतृणां समर्थकानां मध्ये दरार-सम्बन्धेन सह सम्बद्धाः सन्ति। परन्तु घटनां विशिष्टकारणात् आरोपयितुं पूर्वं सम्बन्धितपक्षेभ्यः, पुलिसेभ्यः च आधिकारिकलेखानां प्रतीक्षा अत्यावश्यकी अस्ति। अस्य घटनायाः अनन्तरं मन्त्री नारायणसिंहकुशवाहः सामाजिकमाध्यमेषु एकं भिडियो प्रकाशितवान् यत्र घटितानां घटनानां विषये खेदं प्रकटितवान्। सः अवदत् यत् युवानः प्रभावशालिनः नेतारः प्रभावेण कार्यं कृतवन्तः। कस्यचित् विशिष्टस्य नेतारस्य नाम न दत्त्वा सः टिप्पणीं कृतवान् यत् कुशवाहसमुदायः कस्यचित् व्यक्तिगतं फीफं नास्ति, उच्चपदस्थैः सत्तायाः दुरुपयोगः न्याय्यः न भवितुम् अर्हति इति।

एतस्य घटनायाः निन्दां कुर्वन् मन्त्री अपि अवदत् यत् समुदायः एतादृशविवादात् दूरं गन्तुम् अर्हति। तस्य वक्तव्यस्य अनन्तरं आयोजने यः कोलाहलः अभवत्, तस्य कारणेन राजनैतिक-सामाजिक-मण्डलेषु तीव्र-चर्चा उत्पन्ना अस्ति।

कृष्णध्वजान् तरङ्गयन्तः येषां दृष्टिकोणः आन्दोलनकारिणः अवदन् यत् तेषां उद्देश्यं आयोजनं बाधितुं न अपितु मुख्यातिथिस्य चयनविषये स्वस्य आक्षेपस्य पञ्जीकरणं भवति। हरिओम कुशवाहा इत्यस्य मते छात्रावासस्य भूमिः समुदायाय आवंटिता आसीत्; अतः आयोजने समुदायस्य प्रतिनिधिभिः प्रमुखा भूमिका भवितुमर्हति स्म। कृष्णध्वजान् क्षोभयित्वा तस्य सह गतानां जनानां उपरि आक्रमणं कृतम् इति अपि सः आरोपितवान्। अपरपक्षे आन्दोलनकारिभिः कृतस्य नाराघोषस्य, व्यत्ययस्य च विषये आयोजने उपस्थिताः आक्षेपं कृतवन्तः। अस्मिन् विरोधे स्थितिः हिंसकरूपेण परिणता इति समाचाराः सूचयन्ति।

सामाजिकमाध्यमस्य विडियोभिः प्रेरिताः ऑनलाइन चर्चाः घटनायाः अनन्तरं सामाजिकमाध्यमेषु आयोजनसम्बद्धाः भिडियाः प्रसारिताः। एतेषु पुलिसकर्मचारिणां कतिपयानां व्यक्तिनां निष्कासनस्य प्रयासस्य दृश्यानि अपि च...आयोजनस्थले जनानां मध्ये झगडाः अभवन् इति विविधाः समाचाराः सूचयन्ति। विडियोस्य स्वतन्त्रसत्यापनस्य विषये अथवा तस्मिन् दृष्टस्य प्रत्येकस्य व्यक्तिस्य परिचयस्य विषये कोऽपि आधिकारिकसूचना न उद्धृतवती। अस्याः घटनायाः अनन्तरं स्थानीयराजनैतिकवृत्तेषु एषः विवादः चचार्याः विषयः अभवत्। परन्तु, आयोजनस्य मूलप्रयोजनस्य-कुशवाहा-समुदायस्य कृते छात्रावास-सह-समुदायकेन्द्रस्य भूमिपूजनस्य अपेक्षया, विरोधस्य कारणेन तदनन्तरं च विवादस्य कारणेन सम्पूर्णः प्रकरणः ध्यानं आकर्षितवान्। पुलिस भूमिका की जाँच घटनायाः समये पुलिसाः घटनास्थले आगत्य स्थितिं नियन्त्रणं कृत्वा केचन युवानः प्रश्नार्थं पुलिस-स्थानकं प्रति नीतवन्तः। उपलब्धानां प्रतिवेदनानुसारं तदनन्तरं केचन व्यक्तिः मुक्ताः अभवन्। अस्मिन् स्तरे किं महत्त्वपूर्णं यत् तत्र संलग्नानाम् भूमिकानां विषये विवादस्य उत्पत्तिविषये च परस्परविरोधिनः दावाः उद्धृताः। यदि पुलिस भविष्ये कस्यापि एफआईआर, अन्वेषणं, अन्यकायार्णां वा विषये सूचनां प्रकाशयति तर्हि घटनायाः कानूनी स्थितिः अधिका स्पष्टा भविष्यति। राजनैतिकविरोधेन सामाजिकघटनायाः वातावरणं परिवर्तते

शवाहासामुदायिकछात्रावासस्य भूमिपूजनसमारोहे केन्द्रीयमन्त्रिणः उपस्थितौ जातः अस्मिन् विवादे स्थानीयराजनीत्या सामाजिकप्रतिनिधित्वसम्बद्धाः विषयाः अग्रे आगताः। एकः समूहः मुख्यातिथिस्य चयनस्य विषये आक्षेपं कृतवान्, अपरः तु विरोधस्य प्रकारेण प्रश्नं कृतवान्।

मासे प्रथमे दिने प्रायः

१.४५ लक्षं छात्राणां कृते लैपटॉप् वितरितम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

सीएम मोहन यादवः अवलोकितवान् यत् अस्मिन् मासे प्रथमे दिने प्रायः १.४५ लक्षं छात्राणां कृते लैपटॉप् वितरितम्। अनेकानाम् छात्राणां कृते एषः महत्त्वपूर्णः संसाधनः अस्ति यः तेषां अध्ययनस्य सुविधां करोति, तेषां प्रगतेः मार्गं च प्रशस्तं करोति। अधुना स्कूटरं प्राप्य महाविद्यालयं प्रति गमनस्य उपद्रवः अपि न्यूनीकरिष्यते। सः भोपालतः खुशी पालस्य उदाहरणम् उद्धृतवान्। १२ कक्षायां ९० प्रतिशतं अंकं प्राप्त्वा खुशी बीबीए उपाधिं प्राप्नोति। तस्याः महाविद्यालयः तस्याः गृहात् प्रायः २५ किलोमीट र्दूरे अस्ति। पूर्वं आटो-रिक्शायानेन गन्तुं प्रतिदिनं प्रायः ५० तः ६० यावत् व्ययः भवति स्म, समये महाविद्यालयं प्राप्तुं च एकः आव्हानः आसीत्। स्कूटरेन सह तस्याः आगमनं बहु सुकरं भविष्यति। विद्यालय शिक्षा बजट 38,000 कोटि प्राप्त मुख्यमन्त्री मोहनयादवः अवदत् यत् विद्यालयशिक्षायाः वर्तमानबजटं प्रायः ३८,००० कोटिरूप्यकाणि अस्ति, राज्यस्य कुलबजटं तु ४.३८ लक्षकोटिरूप्यकाणि यावत् अस्ति सः दावान् अकरोत् यत् प्राथमिकस्तरस्य शिक्षणं त्यक्तुं दरं सुधरितम् अस्ति तथा च सर्वकारीयविद्यालयानाम् छात्राः योग्यतासूचौ ५० प्रतिशताधिकं भागं प्राप्नुवन्ति।

वाहनस्वामिनः व्यावसायिक प्रयोक्ताश्च ये सामान्यतया लेनदेन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

वाहनस्वामिनः व्यावसायिकप्रयोक्ताश्च ये सामान्यतया एकस्मिन् लेनदेने बृहत्मात्रायां इंधनस्य क्रयणं कुर्वन्ति-प्रायः च डिजिटलभुगतानं प्राधान्यं ददति-ते विशेषतया प्रभाविताः भवितुम् अर्हन्ति आपत्तिः भुगतानसीमाद्वारा उत्थापनीया, विरोधद्वारा न अस्य विषयस्य विषये विरोधस्य आन्दोलनस्य वा तत्कालं योजना नास्ति इति संघेन स्पष्टीकृतम्। तस्य स्थाने विक्रेतारः यूपीआई-देयताम् सीमितं कर्तुं विकल्पितवन्तः 2,000 पर्यन्तं राशिषु डिजिटल-भुगतानं स्वीकृतं भविष्यति, यदा तु तस्मात् सीमातः अधिक-राशिषु नकद-देयता आवश्यकी भविष्यति।

राशिफल

मेष : आज कुछ गलतफहमियों का सामना भी करना पड़ सकता है। अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बहुत कुछ सीखने में मदद करेगा।

वृषभ : अपने पार्टनर को बेहतर तरीके से जानने के लिए साथ में कुछ अच्छा समय बिताना बेहतर होगा।

मिथुन : अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रॉपर्टी से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आज का दिन बेहतरीन साबित हो सकता है।

कर्क : आज बेवजह की यात्रा से बचें। आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहने वाला है। आपकी आय में वृद्धि होगी।

सिंह : आपका पार्टनर आपके लिए सरप्राइज डेट प्लान कर सकता है। वहीं, आपको स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है।

कन्या : आज के दिन नयी प्रॉपर्टी खरीदने के आसार नजर आ रहे हैं। छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी जाती है।

तुला : आज किसी भी प्रोजेक्ट में निवेश करने से पहले सलाह जरूर लें। आज लव लाइफ में टेंशन का माहौल बन सकता है।

वृश्चिक : कॉम्पीटीशन की कमी के चलते आपकी प्रोडक्टिविटी पर भी असर पड़ सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु : आज अपने पार्टनर के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताने का मौका मिलेगा। आज का दिन उतार- चढ़ाव भरा रहने वाला है।

मकर : अपनी फैमिली मेंबर्स के साथ वक्त बिताएं। आर्थिक स्थिति कमजोर पड़ सकती है। इसलिए सूझ- बूझ के साथ ही निर्णय लें।

कुंभ : आज प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। आपको खुद पर ध्यान देना चाहिए।

मीन : सोच-समझकर फाइनेंशियल डिसीजन लेना बेहतर रहेगा। प्रेम-संबंधों को मजबूत बनाने के लिए पार्टनर से बात-चीत करें।

卐 卐 卐 ज्योतिष/वास्तु 卐 卐 卐

कन्या राशि में बना भद्र महापुरुष राजयोग, धन-दौलत और प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी के योग



ज्योतिष शास्त्र में भद्र महापुरुष योग को बहुत ही शुभ योग माना जाता है। यह राजयोग बुध ग्रह के अपनी स्वराशि या उच्च राशि में होने पर बनता है। जब बुध मिथुन या कन्या राशि में होकर कुंडली के केंद्र भाव में यानी 1, 4, 7 या 10वें स्थित होता है तब भद्र महापुरुष योग का निर्माण होता है। इस समय कन्या राशि में यह शुभ योग बना हुआ है जो 26 सितंबर तक रहेगा। इस योग के निर्माण से कई राशि वालों को आने वाले दिनों में लाभ होता हुआ मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में पहले के मुकाबले बेहतर लाभ मिल सकता है। करियर में जबरदस्त आपको सफलता हासिल होने के योग भी बन रहे हैं। आइए जानते हैं भद्र महापुरुष राजयोग बनने से किन राशियों के लिए शुभ और शानदार रहेगा।

कन्या राशि- कन्या राशि वालों के लिए आने वाला दिन बहुत ही शुभ और लाभकारी रहेगा। इस दौरान आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। कार्यों में अच्छी सफलता प्राप्ति होगी। आपको कार्यक्षेत्र में धन लाभ के बेहतर अवसर मिल सकते हैं। व्यापार में कोई योजना कामयाब होगी। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में आपको लाभ होगा।

कर्क राशि - कर्क राशि वालों के लिए यह योग बहुत ही शुभ साबित होगा। व्यापार-नौकरी में आपको अचानक धन प्राप्ति के योग बनेंगे। जमीन-जायदाद के मामलों में आपको आने वाले दिनों में बड़ा और बेहतर लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति रहेगी। इसी के साथ धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

मकर राशि - मकर राशि वालों के लिए भद्र महापुरुष योग बहुत ही अच्छा और शानदार रहेगा। इस दौरान कई लोगों के नौकरी में वेतन वृद्धि और प्रमोशन के योग हैं। कारोबारियों के लिए आने वाले समय में कई तरह के मुनाफे हासिल करने योग बन रहे हैं। निवेश से आपको अच्छा लाभ होगा, जिससे आपके बैंक बैलेंस में बढ़ोतरी होगी। आय में इजाफा होगा।

मीन राशि- मीन राशि वालों की आर्थिक स्थिति में मजबूती रहेगी। इस राशि के जातकों को करियर में बंपर लाभ मिलने की उम्मीद है। जो लोग व्यापार में हैं, उन्हें आने वाले दिनों में बंपर लाभ मिल सकता है। आपके अटके हुए काम पूरे होंगे और आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगी।

एशियन गेम्स-सीमा ने 10 हजार मीटर में ब्रॉन्ज जीता, पांचवें दिन भारत को 5 मेडल मिले

भारत को 4.400 मीटर मिक्स्ड रिले में सिल्वर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



एशियन गेम्स में भारत ने एथलेटिक्स के 4400 मीटर मिक्स्ड रिले में सिल्वर मेडल जीता। मनु टीएस, पूवम्मा एमआर, विशाल टीके और वित्या रामराज की टीम ने 3 मिनट, 14.46 सेकेंड में रेस पूरी की। इससे पहले सीमा कुमारी ने विमेंस 10 हजार मीटर में 32 मिनट, 50.05 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। यह इस इवेंट में भारत का 2010 के बाद पहला एशियन गेम्स मेडल है।

पांचवें दिन भारत ने 5 मेडल जीते। इनमें 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत के कुल मेडल 17 हो गए हैं। इनमें 1 गोल्ड, 7 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज हैं। चीन 127 मेडल के साथ टॉप पर है।

शूटिंग और रोइंग में भी मेडल- अनंतजीत सिंह नारूका और परिनाज धालीवाल ने मिक्स्ड स्कीट में ब्रॉन्ज जीता। दोनों 48 शॉट के बाद 44 अंक पर थे और टाई-ब्रेकर के बाद ब्रॉन्ज मिला। सतनाम सिंह और सलमान खान ने पुरुषों की डबल स्कल्स में ब्रॉन्ज जीता। भारतीय जोड़ी ने 6:13.25 का समय निकाला। यह इस इवेंट में भारत का एशियन गेम्स का पहला मेडल है।

रोशिबिना का लगातार दूसरा सिल्वर- वुशु की 60 किग्रा सांडा कैटेगरी में रोशिबिना देवी को सिल्वर मिला। वे फाइनल में चीन की झांग शियाओयू से 2-0 से हार गईं।

कबड्डी में दोनों टीमों के मेडल पक्के- भारत की महिला टीम ने जापान को 50-25 से हराकर ग्रुप-अ में तीनों मैच जीते और सेमीफाइनल में पहुंची। इससे उसका मेडल पक्का हो गया। पुरुष टीम ने चीनी ताइपे को 37-21 से हराकर ग्रुप में टॉप किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई।

हॉकी में 8-2 की जीत- भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पूल-अ के मुकाबले में साउथ कोरिया को 8-2 से हराया। भारत ने शुरूआती दो मैचों में इंडोनेशिया को 13-1 और श्रीलंका को 16-1 से हराया था।

एथलेटिक्स में बाकी नतीजे- आशा इलांगो 13.83 मीटर की छलांग के साथ विमेंस ट्रिपल जंप में चौथे स्थान पर रहीं। उनका यह प्रदर्शन ब्रॉन्ज जीतने वाली चीन की ली यी के बराबर था, लेकिन सेकेंड बेस्ट जंप में ली यी आगे रहीं। निहारिका वशिष्ठ 10वें स्थान पर रहीं।

भारतीय विमेंस हॉकी का मुकाबला आज, कबड्डी का सेमीफाइनल भी

एशियन गेम्स में भारतीय विमेंस हॉकी टीम पुल-इ के मुकाबले में आज जापान से भिड़ेगी। टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0, इंडोनेशिया को 17-1 और थाईलैंड को 20-1 को हराया है। शुक्रवार को भारत की महिला और पुरुष कबड्डी टीम सेमीफाइनल खेलगी। कुल 8 मेडल में भारतीय खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। टीम के पास शूटिंग और एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल जीतने का मौका होगा। दिनभर में कुल 37 गोल्ड पर फैसला होगा। स्वीमिंग में सबसे ज्यादा 7 गोल्ड दांव पर होंगे। वहीं एथलेटिक्स में 6, जबकि आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में 5 गोल्ड मेडल इवेंट होंगे।

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 67 रन से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ डरबन

साउथ अफ्रीका ने तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 67 रन से हरा दिया। डरबन के किंग्समीड में पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 297 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया 41.2 ओवर में 230 रन पर ऑलआउट हो गया।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और साउथ अफ्रीका के दोनों ओपनर्स को जल्दी आउट कर दिया। टोनी डी जॉर्जी 0 और क्विंटन डी कॉक 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48 गेंद पर 30 रन बनाए, जबकि रयान रिकेल्टन 27 रन बनाकर आउट हुए। 34वें ओवर में साउथ अफ्रीका का स्कोर 168/5 था। इसके बाद मैथ्यू ब्रीट्जके और मार्को यानसन ने पारी संभाली। दोनों ने छठे विकेट के लिए 107 रन जोड़े। इसी साझेदारी ने साउथ अफ्रीका को 300 के करीब पहुंचाया। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 106 गेंद पर 112 रन बनाए। उन्होंने 14 चौके और 2 छक्के लगाए। यह उनके वनडे करियर का दूसरा शतक रहा। वह 47.2 ओवर में रन आउट हुए। मार्को यानसन ने भी तेज पारी खेली। उन्होंने 59 गेंद पर 75 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल थे। 48.6 ओवर में नाथन एलिस ने उन्हें छह्ह किया। यह यानसन का वनडे में संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्कोर है। साउथ अफ्रीका ने आखिरी पांच ओवर में 54 रन जोड़े और 297/8 तक पहुंचा।

संजू को हटाकर वैभव को खिलाने पर बोले गंभीर

उस रात सो नहीं सका, इंग्लैड दौरे पर टीम का जीतना जरूरी था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने संजू सैमसन को हटाकर वैभव सूर्यवंशी को खिलाने के फैसले को मुश्किल बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद वे पूरी रात सो नहीं सके। इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में खेली गई 5 मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज के पहले मुकाबले के बाद सैमसन को टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी जगह वैभव को मौका मिला और उन्होंने टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू किया। हालांकि, वैभव के डेब्यू वाले मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा। भारत यह सीरीज 4-0 से हारा था। गंभीर ने कहा कि वैभव शानदार फॉर्म में थे और भारत को सीरीज जीतनी थी। इसी वजह से सैमसन की जगह वैभव को खिलाने का फैसला लिया गया।

फैसला बेहद मुश्किल लगा- गंभीर ने जियोस्टार से भारत के वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीजन से पहले बातचीत की। उन्होंने कहा कि सैमसन भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। जो खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहा हो, उसे तीन या चार मैचों के बाद बाहर करना आसान नहीं था। इसका कारण यह था कि वैभव भी शानदार फॉर्म में थे। हमें सीरीज जीतनी थी। जब आप भारत के लिए खेलते हैं या भारत को कोच करते हैं, तो हर सीरीज जीतना चाहते हैं। गंभीर ने आगे कहा, मैंने संजू से बहुत ईमानदारी से बात की। मैंने उनसे कहा कि वैभव शानदार फॉर्म में हैं। हमें टॉप ऑर्डर में रन बनाने वाला खिलाड़ी चाहिए।

यह बात सिर्फ मेरे और संजू के बीच हुई- गंभीर ने कहा, संजू ने इस फैसले को समझा और इसे अच्छे तरीके से लिया। यह बातचीत सिर्फ मेरे और संजू के बीच हुई थी। इसके बाद हाल ही में भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ घर में 3 मैचों की टी-20 सीरीज खेली। इस सीरीज में संजू की टीम में वापसी हुई और वैभव को बाहर किया गया। संजू ने वापसी के बाद लगातार 2 अर्धशतक लगाए। भारत ने यह सीरीज 3-0 से जीत ली।

गंभीर ने कहा, मैं जानता हूं कि यह मुश्किल है। लेकिन मैंने उसे समझाया कि तुम अच्छी फॉर्म में हो। फिर भी लंबे समय से अच्छा करने वाले खिलाड़ियों को कई बार अपने मौके का इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा, एक और बात है। सोशल मीडिया या बाहर का शोर प्लेइंग कतय नहीं करता। प्लेइंग क वह होती है, जिसे ड्रेसिंग रूम, कोच और कप्तान मैच जिताने के लिए सबसे बेहतर मानते हैं।

खबर एक नजर...

ट्रेन में चढ़ते वक्त बदमाशों ने झपटी महिला की चेन

उज्जैन। कुछ दिन पहले महाकाल दर्शन करने भदौही के संत रविदास नगर में रहने वाली रीता पति राजेश कुमार परिवार के साथ आई थी। बुधवार को वापस लौटने के लिये परिवार के साथ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 पर पहुंची थी। अम्बेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस में चढ़ते समय भीड़ के बीच अचानक 4-5 युवक आये और धक्का मुक्की के बीच रीता के गले से 18 ग्राम वजनी चेन झपट ली। रीता ने शोर मचाया लेकिन बदमाश युवक भाग निकले। ट्रेन के रवाना होने का समय हो चुका था, जिसके चलते परिवार कोच में चढ़ गया। प्रयागराज पहुंचने पर रीता ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। जहां से मामला जांच के लिये उज्जैन पहुंचा। जीआरपी ने प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज देखे तो 4 से 5 युवक भीड़ के बीच से भागते दिखाई दिये। जिनकी पहचान के प्रयास कर पता लगाया जा रहा है। विदित हो कि कुछ दिन पहले ही जीआरपी ने ट्रेन में चढ़ते वक्त महिला यात्रियों के हाथ से सोने के कंगन काटकर चोरी करने वाली गैंग का गिरफ्तार किया था। बावजूद महिला यात्रियों के साथ होने वाली वारदातें कम नहीं हो रही है।

घर में मृत मिले युवक ने खाया था जहरीला पदार्थ

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र की तिरूपति गोल्ड कालोनी में रहने वाला लक्की पिता रमेश राठौर 27 साल घर में मृत अवस्था में पड़ा मिला था। भाई सूरज उसे अस्पताल लेकर पहुंचा था। पहले आशंका जताई गई कि उसे हार्ट अटैक हुआ है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान पता चला कि लक्की ने जहरीला पदार्थ खाया था। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम की स्पष्ट रिपोर्ट आने पर घटनाक्रम स्पष्ट हो जायेगा। मृतक के परिजनों का कहना कि था कि लक्की का दो माह पहले पथरी का ऑपरेशन हुआ था। उसके बाद से वह घर में रहता था। उसकी पत्नी प्रायवेट स्कूल में टीचर है। घटना के समय वह स्कूल गई थी। उसकी बेटी कालोनी के पैतृतक मकान में मामा के घर थी। पुलिस का कहना था कि परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

धार में इंदौर के युवक के साथ मिली लापता बालिका

उज्जैन। झारडा थाना क्षेत्र के ग्राम गैलाखेड़ी से 11 सितंबर को नाबालिग बालिका लापता हो गई थी। परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। 13 दिन बाद तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नाबालिग को धार से दस्तयाब किया गया। उसके साथ इंदौर का रहने वाला रोहित पिता संतोष आदिवाल 20 साल निवासी विश्वधाम कालोनी खजराना इंदौर था। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ के लिये झारड़ा लेकर आई। नाबालिग के बयान दर्ज करने पर उसके साथ गलत होना सामने आया। पुलिस ने अपहरण की धारा के साथ मामले में पास्को एक्ट की धारा का इजाफ कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि नाबालिग की पूर्व में रोहित से सगाई हुई थी। दोनों एक समाज के है, लेकिन दोनों के परिवारों में मनमुटाव होने पर रिश्ता तोड़ दिया गया था, बावजूद रोहित नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था और उसका शरीरिक शोषण किया।

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर एसपी ने ली बैठक



उज्जैन। धार्मिक नगरी में सिंहस्थ महाकुंभ 2028 में आयोजित किया जायेगा। जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी है। इस बार सिंहस्थ में देशभर से 10 करोड़ लोगों के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी जिम्मेदारी पुलिस विभाग की होगी। जिसको लेकर पिछले छह माह से कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अब तक बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा को लेकर शुक्रवार दोपहर एसपी प्रदीप शर्मा ने अधिनस्थ अधिकारियों की बैठक आयोजित की। पूर्व में दिये गये निदेर्शों की समीक्षा की और आयोजन को पूरी तरह से सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिये। गौरतलब हो कि पुलिस की कार्ययोजना में प्रमुख भीड़ का प्रभावी प्रबंधन, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था, ड्रोन के माध्यम से निगरानी तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा शामिल है। पुलिस विभाग द्वारा लगातार प्रदेशभर से पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग में शामिल होने वाले पुलिसकर्मियों को फील्ड का अवलोकन कराया जा रहा है और मास्टर ट्रेनर तैयार किये जा रहे है। ताकि वह अपने जिले में पुलिसकर्मियों को सिंहस्थ की सुरक्षा-व्यवस्था के लिये तैयार कर सके।

वंदे मातरम् की 150वीं जयंती पर एक करोड़ लोग एक साथ करेंगे गायन

उज्जैन। वंदे मातरम् की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 25 सितंबर को देशभर में एक साथ एक करोड़ से अधिक लोग राष्ट्रीय गीत का गायन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। नमामि भारतम् अभियान के तहत यह सामूहिक गायन सुबह 11 बजे एक ही सुर और लय में होगा। इस आयोजन को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया जाएगा। देश भर में एक ही समय पर वंदे मातरम् के सामूहिक स्वर गूंजने से राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया जाएगा। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित मारुतिगंज स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी, आचार्य परिवार, अभिभावक, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता और समाजजन इस विश्व रिकॉर्ड का हिस्सा बनेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीठाधीश्वर गादीपति महंत रामनाथ महाराज होंगे।

दिन	235-0	140-5
मेन बाजार	156-2	127-0
मिलन डे	668-0	470-1
मिलन नाइट	280-0	130-4

6 7 0

रात 10 बजे से अनंत चतुदर्शी का चल सामारोह, 6 मार्गो पर वाहन रहेगें प्रतिबंधित

आज शाम 6 बजे बदल जायेगी शहर की यातायात व्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आज गणपति बप्पा का विदाई चल समारोह चामुंडा माता चौराहा से रात 10 बजे शुरू होगा। इससे पहले शाम 6 बजे बाद शहर की यातायात व्यवस्था में परिवर्तन कर दिया जायेगा। रात 8 बजे बाद 6 मार्गो पर वाहन पूरी तरह से प्रतिबंधित होगें।

यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि गणपति बप्पा का विदाई चल समारोह (अनंत चतुदर्शी) में शामिल होने वाली झांकियां रात 8 बजे से चामुंडा माता चौराहा पर एकत्रित होना शुरू हो जायेगी। रात 10 बजे चल समारोह की शुरूआत होगी। चामुंडा माता चौराहा से चल समारोह देवासगेट, मालीपुरा, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, कंठाल होते हुए निकलेगा। कुछ गणेश प्रतिमाएं मंगलनाथ की ओर विसर्जन के लिये जाएंगी, शेष जुलूस सतीगेट, छत्रीचौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, महाकाल घाटी होते हुए बेगमबाग की ओर रवाना होगा। शेष झांकियां बक्शी बाजार, पानदरीबा, गणगौर दरवाजा, रामानुजकोट होते हुए क्षिप्रा नदी स्थित रामघाट और सुनहरी घाट पहुंचकर विसर्जन के साथ समाप्त होंगी। इस दौरान यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाये रखने और चल समारोह में शामिल होने वालों को कोई परेशानी ना हो इसको लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। जो इस प्रकार रहेगा।



यहां से वाहनों का किया जायेगा डायवर्ट- शाम 6 बजे से चामुंडा माता चौराहा की ओर जाने वाले यातायात को डायवर्ट किया जायेगा। जिसमें ग्रांड होटल से फ्रीगंज ब्रिज होते हुए चामुंडा माता चौराहा, देवासगेट एवं इंदौरगेट तिराहा की ओर जाने वाले यातायात को हनुमानदास पेट्रोल पंप से देवासगेट बस स्टैंड होते हुए देवासगेट चौराहा और इंदौरगेट की ओर भेजा जाएगा। कोयला फाटक चौराहा से ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा, चार पहिया वाहनों को हीरामिल कुंड तिराहा, पाटीदार ब्रिज होते हुए सांदीपनि चौराहा, कंट्रोल रूम से देवास रोड की ओर रवाना किया जायेगा। आगर-तराना से आने वाली बसें, जो देवासगेट बस स्टैंड आती है। उनके लिए मंडी चौराहा से देवासगेट बस स्टैंड की ओर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। बसे मंडी चौराहा पर ही सवारी उतारेगी और वापस बैठाकर रवाना होगी। हरिफाटक चौराहा और हरिफाटक टी से देवासगेट चौराहा होते हुए चामुंडा माता चौराहा से मंडी चौराहा, आगर रोड की ओर जाने वाले दोपहिया वाहनों को छोड़कर शेष यातायात को हरिफाटक चौराहा से शांति पैलेस, इंजीनियरिंग कॉलेज तिराहा, पाइप फैक्ट्री, विक्रम नगर, पांड्याखेड़ी चौराहा होते हुए मंडी चौराहा से आगर रोड की ओर भेजा जाएगा।

रात 8 बजे यहां वाहनों होगें प्रतिबंधित

रात 8 बजे चामुंडा माता चौराहा पर झांकियां एकत्रित होना शुरू होगी। उस दौरान हनुमानदास पेट्रोल पंप से चामुंडा माता चौराहा, सुभाष मार्ग (चरक अस्पताल) से चामुंडा माता चौराहा, प्रेमछाया से चामुंडा माता चौराहा, देवासगेट चौराहा से चामुंडा माता चौराहा, दौलतगंज चौराहा से देवासगेट चौराहा, सुदामा नगर से चामुंडा माता चौराहा की ओर वाहन पूर्णरूप से प्रतिबंधित रहेगें।

प्रमुख चौराहों से भी यातायात डायवर्ट

चल समारोह के चलते शहर के प्रमुख चौराहा में शामिल कोयला फाटक चौराहा, नया मार्ग, मंडीगेट चौराहा, इंदौरगेट तिराहा, मदारगेट, क्षीर सागर टर्निंग, कंठाल चौराहा, नरेन्द्र टॉकीज, तेलीवाड़ा चौराहा, टंकी चौक,कमरी मार्ग, गुजरी चौराहा, दानीगेट, गणगौर दरवाजा, पानदरीबा, हरसिद्धि पाल, यादव धर्मशाला, बेगमबाग चौराहा, हरिफाटक चौराहा पर वाहनों को डायवर्ट किया जायेगा। चल समारोह के दौरान संपूर्ण चल समारोह मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों, दोपहिया वाहनों सहित, का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। उज्जैन पुलिस की आमजन से अपील है कि असुविधा से बचने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए निर्धारित डायवर्शन मार्गों का उपयोग करें।

स्वास्थ्य परीक्षण के बाद खिवनी के जंगल में छोड़ा

अजगर ने जंगली जानवर निगला, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले के बडनगर तहसील अंतर्गत धूरेरी गांव के नाले के पास से वन विभाग के दल ने 12 फीट के राक पायथन का रेस्क्यू किया है। अजगर ने किसी वन्यजीव को निगल रखा था वैसी स्थिति में ही उसका रेस्क्यू दल ने किया। पर्याप्त चिकित्सकीय जांच में उसके पूर्ण स्वस्थ होने की पुष्टि होने के उपरांत अजगर को देवास जिला के खिवनी वन्य जीव अभ्यारण्य में छोड दिया गया है।

अजगर को सबसे पहले चरवाहों ने देख कर इसकी सूचना बडनगर वन रक्षक संजय तिवारी को दी थी। इसके बाद वन्यजीव रेस्क्यू दल प्रभारी मदन मौरे दल के साथ स्थल पर पहुंचे और उन्होने दल के 5 अन्य सदस्यों की मदद से भारी भरकम अजगर का रेस्क्यू किया। श्री मौरे ने बताया कि उज्जैन से 18 किलोमीटर दूर इंगोरिया टप्पा के पास धूरेरी गांव में अजगर की सूचना वनरक्षक संजय तिवारी से मिली थी। अजगर चंबल नदी से मिलने वाले नाले में देखा गया था। उसने किसी जानवर को निगल रखा था जिससे उसके चलने फिरने में सामान्य स्थिति नहीं थी। गांव एवं चरवाहों से जानकारी लेने पर सामने आया कि उनका कोई मवेशी गायब नहीं है ऐसे में पूरी संभावना है कि अजगर ने आसपास मौजूद नीलगाय के बच्चे या फिर जंगली सुअर जैसा शिकार किया हो। अजगर का स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर उसे खिवनी रेस्ट हाउस के पीछे के जंगल में छोडा गया है।



पूर्ण स्वस्थ एवं व्यस्क था अजगर

अजगर का स्वास्थ्य परीक्षण करने वाले पशु चिकित्सक मुकेश जैन के अनुसार करीब 12 फीट लंबाई का अजगर उनके पास वन विभाग का रेस्क्यू दल लेकर गुरूवार को पूर्वान्ह में शासकीय अस्पताल में लेकर पहुंचा था। स्वास्थ्य परीक्षण में नर अजगर पूर्ण व्यस्क स्थिति का होना सामने आया था। उसका वजन 95 किलो से अधिक सामने आया । उसके शरीर का बारिकी से चोंट को लेकर परीक्षण किया गया था जिसमें उसे कोई चोंट और खरोच के निशान नहीं मिले । पूर्ण स्वस्थ की स्थिति सामने आने पर उसे तत्काल ही जंगल में छोडने का प्रमाणीकरण जारी किया गया था। अजगर ने किसी वन्य जीव का ही शिकार किया हुआ था।

मंदिर से बाहर निकले पर गायब मिले मंगलसूत्र-चेन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तेजाजी मंदिर में भीड़ के बीच दर्शन करने पहुंची महिलाओं के गले से चेन मंगलसूत्र चोरी हो गये। पुलिस ने मामले में शुक्रवार को प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। चिमनगंज थाना पुलिस ने प्रीति उपाध्याय निवासी इंदिरानगर की शिकायत पर सोने का मंगलसूत्र और कमला चावड़ा निवासी गणेश नगर की चेन के साथ इंद्रानगर में रहने वाली मोहनबाई चौहान का मंगलसूत्र चोरी होने का प्रकरण दर्ज किया है। तीनों महिलाओं ने बताया कि वह आगररोड स्थित खिलचीपुर में तेजाजी मंदिर दर्शन करने गई थी। वापस मंदिर से बाहर आई तो उनके लगे से मंगलसूत्र-चेन गायब थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। मंदिर के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। मंदिर में भीड़ अधिक होने पर कुछ स्पष्ट सामने नहीं आ रहा है। पुलिस के अनुसार मामले में मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया है। विदित हो कि शहर में बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं के साथ वारदात होना लगातार सामने आ रहा है। सावन-भादौ माह में भी सैकड़ो श्रद्धालुओं के मोबाइल, पर्स, चेन, मंगलसूत्र चोरी की वारदातें सामने आई थी। पुलिस ने कुछ श्रद्धालुओं के मोबाइल और चेन चोरी करने वालों को पकड़ा था। वारदात करने वाले बाहर से आना सामने आये थे।

कैमरे में चेन उठाता दिखा आटो चालक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल दर्शन के लिये उज्जैन आ रहा परिवार नागदा में होटल पर नाश्ता करने रूका, इस दौरान साढ़े तीन तोला वजनी सोने की चेन गिर गई। पुलिस ने कैमरों के फुटेज देख आधे घंटे में आटो चालक से चेन लेकर श्रद्धालुओं को लौटा दी।

पुलिस ने चंद घंटे में श्रद्धालुओं को लौटाई

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि गुजरात का परिवार कार से महाकाल दर्शन करने उज्जैन जा रहा था। थाना क्षेत्र के रंगोली होटल पर नाश्ता करने रूका। इस दौरान परिवार की साढ़े तीन तोला वजनी चेन गिर गई। मामले की सूचना परिवार के चंदन माली ने डायल 112 पर दी। आरक्षक राजू कुशवाह मौके पर पहुंचा और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें एक आटो चालक जमीन पर पड़ी चेन उठाता दिखाई दिया। पुलिस ने उसकी आटो का नम्बर ट्रेस किया और आधे घंटे में चालक से चेन वापस लेकर श्रद्धालु परिवार को सौंप दी। आटो चालक का कहना था कि उसने चुराई नहीं थी सड़क पर पड़ी मिली थी। उसका मकसद चोरी का नहीं था। पुलिस ने आटो चालक द्वारा चेन मिलना और कैमरे में साफ दिखाई देना सामने आने पर आटो चालक को छोड़ दिया। कम समय में परिवार को गुम हुई लाखों की चेन मिलने पर उन्होने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुये आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी गवरी ने बताया कि उज्जैन पुलिस सुरक्षा, सहायता और आमजन की सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

पूर्व में भी पकड़ाया था, रिमांड पर पूछताछ

युवक के पास मिली 3 लाख की एमडी ड्रग्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलनाथ मार्ग पर बुधवार-गुरूवार रात मादक पदार्थ लेकर युवक के आने की खबर मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की। संदेह के आधार पर युवक को पकड़ा गया और उसकी तलाशी ली गई। उसमें पास से 3 लाख कीमत की ड्रग्स बरामद हो गई।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि मुखबीर सूचना मिली थी कि एक युवक मादक पदार्थ लेकर अंगारेश्वर मंदिर के पास आने वाला है। पुलिस ने नाकाबंदी की और युवक को पकड़ने की योजना बनाई। रात के अंधेरे में पैदल युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास से 61.50 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हो गई। उसे थाने लाया गया, जहां उसका नाम अशफाक उर्फ कटोरी पिता अब्दुल्ला 19 वर्ष, निवासी गली नं. 9 राज रॉयल कॉलोनी बताया। उससे बरामद ड्रग्स 3 लाख कीमत की पाई गई। मामले में मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज किया गया। उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर ड्रग्स लाने की जानकारी जुटाई जा रही है। वह ड्रग्स किसे देने वाला था, इसका भी पता लगाया जा रहा है।



रात में करते थे वारदात, चप्पल से मिला सुराग

नाबालिगों की गैंग चुराती थी पनडुब्बी मोटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खेतों में लगी पनडुब्बी मोटर चुराने वाला का सुराग चप्पल से पुलिस ने खोज निकाला। नाबालिगों की गैंग रात में वारदात करती थी। तीन को हिरासत में लेने के बाद 1 लाख कीमत की मोटरे बरामद की गई है।

घट्टिया तहसील में कुछ दिनों से खेतों में लगी पनडुब्बी मोटर चोरी होने के मामले सामने आ रहे थे। उज्जैन के अग्रसेन नगर में रहने वाले सिद्धार्थ कटियार के घट्टिया स्थित खेत से 3 मोटर चोरी हो गई थी। उसके द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने सिद्धार्थ कटियार के खेत पहुंचकर जांच शुरू की। जहां विशेष प्रकार की चप्पल मिलना सामने आया। शंका जताई गई कि चोरी के दौरान उक्त चप्पल छूटी है। पुलिस ने चप्पल को आधार मानकर पड़ताल शुरू की। सुराग मिलते ही चक नाला क्षेत्र के रहने वाले युवक को पकड़ा गया, वह नाबालिग था। उसे पूछताछ के लिये थाने लाया गया उसने अपने 2 नाबालिग साथियों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। दोनों नाबालिगों को पुलिस ने कस्डटी में लिया और उनकी निशानदेही पर 1 लाख कीमत की 3 पनडुब्बी मोटरे बरामद कर ली।


वाट्सएप ग्रुप पर शेयर किया था फोटो- घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि उक्त चप्पल बड़े शहरों में पहनी जाती है। गांवों में स्लीपर पहने का चलन है। चप्पल का फोटो वाट्सएप ग्रुप पर ग्राम सेवकों के साथ शेयर किया गया। एक ग्राम सेवक ने बताया कि उक्त चप्पल उसने सोशल मीडिया पर तहसील के एक युवक के पैर में देखी थी। उक्त रील को इंस्टाग्राम पर खंगाला गया। रील सामने आते ही उक्त नाबालिग युवक की जानकारी सामने आ गई। तीनों नाबालिगों ने उज्जैन-आगर मार्ग स्थित सूनसान स्थान पर एक खाई से पनडुब्बी मोटरें छुपाकर रखी थी। जिसे बेचने की फिराक में थे।



शौक पूरे करने के लिये करते थे वारदात

तीनों नाबालिगों से पूछताछ में पता चला कि उनका परिवार खेती किसानी करता है। एक के पिता प्रायवेट जॉब भी करते है। पढ़ाई छोड़ने के बाद शौक पूरे करने के लिये उन्होने चोरी का रास्ता अपना लिया था। दिन में बाइक से घूमते थे और रात में चोरी करने पहुंच जाते थे। पुलिस के अनुसार तीनों के नाबालिग होने पर प्रकरण दर्ज करने के बाद नोटिस तामिल कराकर रिहा किया गया है। तीनों के खिलाफ अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

इनकी रही भूमिका- थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि चप्पल से पनडुब्बी मोटर चोरी करने वालो का सुराग तलाशने में ग्राम सेवकों के साथ एएसआई बाबूलाल मालवीय, प्रधान आरक्षक शांतिलाल जाट, वीरपाल सिंह, आरक्षक तहसीलदार सिंह, सैनिक कमल सहयोग रहा।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com